वर्ष : 34 | अंक : 242 | मुंबई, रविवार, 9 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## एफआईआर में पार्थ का नाम नहीं, सीएम फडणवीस ने दी सफाई




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्थ पवार का नाम एफआईआर में नहीं डाले जाने को लेकर स्पष्टीकरण दिया कि मैंने इसका कारण स्पष्ट रूप से बताया है। यह एक एफआईआर है। एफआईआर का मतलब फर्स्ट इनफॉरमेशन रिपोर्ट होता है। केवल जिनके हस्ताक्षर इसमें हैं। उनके खिलाफ ही मामला दर्ज किया जाता है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम किसी को बचाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। किसी को बचाने का कोई कारण नहीं है। जो हुआ वह नियमों के तहत हुआ है। मैंने पहले भी कहा है कि अगर इस अपराध की जांच के दौरान किसी की संलिप्तता पाई जाती है, तो हमें कार्रवाई करनी होगी। यह कार्रवाई नियमों के तहत की गई है।

## 42 करोड़ रुपये जमा किए बिना मामला रद्द नहीं होगा

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़े कथित जमीन घोटाले को रद्द करने से राजस्व विभाग के संयुक्त जिला रजिस्ट्रार संतोष हिंगाणे ने इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक जमीन बेचने वाली शीतल तेजवानी कार्यालय में उपस्थित नहीं होतीं और जमीन की बिक्री से संबंधित 42 करोड़ रुपये की राशि विभाग को नहीं सौंपी जाती, तब तक इस लेन-देन को रद्द नहीं किया जा सकता। शनिवार सुबह उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने इस मामले पर बयान देते हुए कहा था कि इस जमीन सौदे में किसी तरह का लेन-देन नहीं हुआ है और इसे तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। रजिस्ट्रार ने कहा कि लेन-देन को रद्द करते समय समान राशि यानी 21 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी भी देनी होगी। इस प्रकार, जमीन सौदा रद्द करने के लिए कुल 42 करोड़ रुपये का भुगतान आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नोटिस जारी कर दिया गया है और खरीदार-बेचने वाले पक्षों को यह तय करना होगा कि भुगतान कौन करेगा।

# भूखंड के श्रीखंड पर सियासी पारा हाई




- शरद ने दिखाई सख्ती तो सुप्रिया बचाव में उतरीं
- कांग्रेस ने श्वेतपत्र जारी करने की मांग की

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/पुणे**

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर लगे जमीन खरीद घोटाले के आरोप से NCP में खलबली मच गई है। यह खलबली केवल अजित पवार गुट में ही नहीं है। बल्कि शरद पवार गुट में भी मची है। खास बात यह है कि पवार परिवार के कुछ लोग इस मामले सख्ती दिखा रहे हैं तो कुछ पार्थ के बचाव में भी है। दरअसल अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर पुणे के पॉश इलाके में 1800 करोड़ की जमीन 300 करोड़ में खरीदने का आरोप लगा है। विवाद बढ़ने पर अजित पवार ने कहा कि यह डील रद्द कर दी गई है। जांच कमेटी बना दी गई है, जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। अजित पवार की ओर से यह सफाई शुक्रवार को ही आ गई थी। लेकिन डिप्टी CM की दलील के बाद भी मामला ठंडा पड़ता नजर नहीं आ रहा है। विपक्षी दल के साथ-साथ उनके परिवार के लोग भी सवाल उठा रहे हैं।

### जांच जरूरी, तथ्य समाज के सामने आना चाहिए : शरद पवार

शनिवार को शरद पवार ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का हवाला देते हुए, शरद पवार ने अपने पोते पार्थ पवार की कंपनी से कथित रूप से जुड़े विवादास्पद भूमि सौदे की जाँच का समर्थन किया। शरद पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि मामला गंभीर है। इसलिए उन्हें जाँच करवानी चाहिए और तथ्यों को समाज के सामने रखना चाहिए।

### सुप्रिया सुले ने किया बचाव, कहा- पार्थ गलत नहीं कर सकता

हालांकि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले पार्थ का बचाव करती नजर आईं। सुप्रिया सुले ने कहा कि मुझे पार्थ पर भरोसा है और वह कुछ भी गलत नहीं करेगा। सुप्रिया सुले ने बताया कि मैंने सुबह पार्थ को फोन किया और उनसे पूरा मामला समझाने को कहा। इस पर पार्थ पवार ने मुझे बताया कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है और मैंने अपने वकीलों से बात कर ली है। इसलिए अगर पार्थ पवार ने अपने वकीलों से बात की है, तो वकील ही इस बारे में बताएंगे।

## पुणे और मुंबई के जमीन सौदों पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार: हर्षवर्धन सपकाल



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने पुणे और मुंबई में हुए जमीन सौदों को लेकर महायुति सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार से इन सौदों पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आगामी नागपुर शीतकालीन अधिवेशन के दौरान सरकार को इन सौदों पर श्वेतपत्र पेश कर पूरे एक दिन की चर्चा करनी चाहिए। शनिवार को दादर स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय तिलक भवन में आयोजित पत्रकार परिषद में सपकाल ने कहा कि करोड़ों रुपये के जमीन कब्जा प्रकरणों का मुख्य सूत्रधार मंत्रालय में बैठा है, और यह एक सामूहिक आपराधिक कृत्य है।

### 'मंत्रियों पर आरोप, कार्रवाई शून्य'

सपकाल ने कहा कि महायुति सरकार पूरी तरह से बेशर्म और असंवेदनशील हो चुकी है। हर दिन किसी न किसी मंत्री पर नए आरोप सामने आ रहे हैं, लेकिन किसी पर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुणे के जमीन सौदे से संबंधित एफआईआर में पार्थ पवार का नाम नहीं होना यह दर्शाता है कि सरकार जानबूझकर जांच को भटका रही है। जांच समिति गठित कर केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है।

### 'अदाणी समूह को मुफ्त में जमीन'

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मुंबई में अदाणी समूह को सैकड़ों एकड़ जमीन मुफ्त में दी गई है, जबकि पुणे में रिंगरोड परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और घोटाला हुआ है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएगी और जनता के सामने सच्चाई उजागर करेगी।

## ब्रीफ न्यूज़

### न्याय हर नागरिक का अधिकार : सीजेआई

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न्यायाधीशों और वकीलों का यह कर्तव्य है कि वे सुनिश्चित करें कि न्याय का प्रकाश समाज के हाशिये पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट परिसर में कानूनी सहायता वितरण तंत्र को मजबूत करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कानूनी सेवा आंदोलन का असली पुरस्कार आंकड़ों या वार्षिक रिपोर्ट में नहीं है, बल्कि उन नागरिकों की शांत कृतज्ञता और नए सिरे से विश्वास में है, जो कभी खुद को अनदेखा महसूस करते थे।

### अगले सप्ताह भूटान जाएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भूटान जाएंगे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी वहां भारत-भूटान द्वारा संयुक्त तौर पर बनाए गए बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी 11-12 नवंबर को होने वाले इस दौरे में कई अहम बातचीत करेंगे। वे वहां भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी वहां के पूर्व राजा जिग्मे सिंगे वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे।

### 1 दिसंबर से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) आगामी 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद सत्र बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सत्र 19 दिनों में कुल 15 बैठकों वाला होगा। इससे पहले संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चला था।

# किडनी रोग के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत वर्ष 2023 में गंभीर किडनी रोग के मामलों में दुनिया में दूसरे स्थान पर रहा। देश में करीब 13.8 करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। पहले स्थान पर चीन है, जहां 15.2 करोड़ लोगों को यह रोग प्रभावित कर रहा है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह चिंताजनक निष्कर्ष सामने आए हैं। यह रिपोर्ट इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई), यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन और ब्रिटेन के कई प्रमुख संस्थानों के शोधकर्ताओं ने तैयार की है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यदि रोकथाम, प्रारंभिक जांच और समान स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो आने वाले वर्षों में किडनी रोग दुनिया के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।



### मौत का नौवां सबसे बड़ा कारण

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में किडनी रोग दुनिया में मौत का नौवां सबसे बड़ा कारण रहा, जिससे करीब 15 लाख लोगों की मौत हुई। उत्तर अफ्रीका और मध्य पूर्व में इस रोग की प्रचलन दर सबसे अधिक 18%, जबकि दक्षिण एशिया में लगभग 16% और उप-सहारा अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों में 15% से अधिक रही। शोध में बताया गया कि किडनी रोग दिल की बीमारियों का बड़ा कारण बनता जा रहा है। वर्ष 2023 में कुल हृदय संबंधी मौतों में लगभग 12% मौतें किडनी रोग के कारण हुईं, जो मधुमेह और मोटापे जैसी स्थितियों से अधिक है।

### मधुमेह-मोटापा से बढ़ रहा जोखिम

रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर किडनी रोग के 14 प्रमुख जोखिम कारक हैं, जिनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, सबसे प्रमुख हैं। इसके अलावा, फलों और सब्जियों की कमी, तथा नमक (सोडियम) का अधिक सेवन भी रोग के जोखिम को बढ़ाता है।

### रोग की जल्द पहचान जरूरी

शोधकर्ताओं का कहना है कि 2023 में कई मरीज रोग के आखिरी चरण में पाए गए। ऐसे में स्क्रीनिंग प्रोग्राम, जागरूकता अभियान और जीवनशैली में सुधार बेहद जरूरी हैं। इससे किडनी फेलियर और डायलिसिस या ट्रांसप्लांट जैसी महंगी थेरैपी की जरूरत को देर तक टाला जा सकता है।

### जम्मू-कश्मीर नारको-टेरर मॉड्यूल का सरगना गिरफ्तार



**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (SIA) ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नारको-टेरर मॉड्यूल के सरगना मोहम्मद अरशद उर्फ आसिफ को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। आरोपी जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की हवेली तहसील के डेगवार-तेरवान गांव का निवासी है। SIA के अनुसार, अरशद 2023 से फरार था और सऊदी अरब से ऑपरेट कर रहा था। वह पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स और जम्मू-कश्मीर में सक्रिय नारको-टेरर नेटवर्क के बीच मुख्य लिंक के रूप में काम कर रहा था। SIA प्रवक्ता ने बताया कि अरशद के खिलाफ 2023 में लुक-आउट सर्कुलर (LOC) जारी किया गया था, जिसके बाद अदालत से गैर-जमानती वारंट भी निकाला गया। एजेंसी ने शनिवार को उसे मुंबई से गिरफ्तार कर लिया और अदालत से तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड प्राप्त की।

## स्थानीय निकाय चुनाव

# अब 40 स्टार प्रचारक बना सकेंगी पार्टियां

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए स्थानीय निकाय चुनावों में राजनीतिक दलों को अब 40 स्टार प्रचारक नियुक्त करने की अनुमति दी है। पहले यह संख्या 20 थी। आयोग की ओर से शनिवार को इस संबंध में आधिकारिक जानकारी दी गई।

### राजनीतिक दलों की मांग पर बढ़ाई गई संख्या

बीते 14 अक्टूबर को राज्य चुनाव आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी, जिसमें सभी प्रमुख दलों ने स्टार प्रचारकों की संख्या बढ़ाने की मांग की थी। उनकी मांग को ध्यान में रखते हुए आयोग ने यह निर्णय लिया। अब राजनीतिक दलों को अपने स्टार प्रचारकों की सूची संबंधित जिलाधिकारी या मनपा आयुक्त के पास जमा करनी होगी।

### आदेश 2025 के तहत लिया गया निर्णय

यह बदलाव राज्य राजनीतिक दल पंजीयन, विनियमन और चुनाव चिन्ह (आरक्षण व वितरण) आदेश – 2025 के प्रावधानों के तहत किया गया है। इस निर्णय से राजनीतिक पार्टियों को चुनाव प्रचार के दौरान अधिक नेताओं को अभियान में शामिल करने की सुविधा मिलेगी।

## रिपोर्ट: 94% लोगों को खुशी देता है यह शहर

# एशिया का सबसे खुशहाल शहर बना मुंबई



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

खुशी तो सबकी अपनी-अपनी है, लेकिन आंकड़े भी तो कुछ कहते हैं ना! टाइम आउट के सिटी लाइफ इंडेक्स 2025 में लोगों से पूछा गया कि उनका शहर कितना मजेदार है, नाइटलाइफ कैसी है, खाना कितना लाजवाब, जिंदगी की क्वालिटी क्या है, और सबसे जरूरी – क्या ये शहर उन्हें खुश रखता है और यहां के लोग पॉजिटिव लगते हैं। नतीजा? एशिया की सबसे खुशहाल शहर की ताज मुंबई के सिर सजा, जिसने बीजिंग, शंघाई, चियांग माई और हनोई को पछाड़ दिया।

### 88 फीसदी मानते हैं कि शहर के लोग बेहद पॉजिटिव हैं

94 फीसदी मुंबईकर कहते हैं कि ये शहर उन्हें खुशी देता है। आंकड़ों से परे बात करें तो यहां की कभी न रुकने वाली एनर्जी, धड़कता सोशल सीन और मौकों की भरमार ही लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाती है। बाकी कुछ मजेदार नंबर हैं। 89 फीसदी को लगता है कि मुंबई में वो कहीं और से ज्यादा खुश हैं। 88 फीसदी मानते हैं कि शहर के लोग बेहद पॉजिटिव हैं। 87 फीसदी का कहना है कि मुंबई में खुशी हाल ही में और बढ़ी है। रिपोर्ट कहती है कि मुंबई का नंबर वन आना इसके धमाकेदार एंटरटेनमेंट, रौनक भरी सोशल लाइफ, ढेर सारे करियर ऑप्शंस और एशिया के बेस्ट स्ट्रीट फूड सिटी होने की वजह से हुआ है।

### चीन के बीजिंग-शंघाई ने भी कमाल दिखाया

बीजिंग और शंघाई दूसरे-तीसरे नंबर पर हैं, जहां क्रमश: 93 फीसदी और 92 फीसदी लोग खुश हैं। ये दोनों मेगा शहर सेफ्टी, सुविधा, खर्च और कल्चर में टॉप पर हैं, और जेन Z के लिए फ्यूचर वाली जीवंत जगहें बने हुए हैं।

### साउथईस्ट एशिया ने भी दिल जीता

थाइलैंड का चियांग माई और वियतनाम का हनोई टॉप फाइव में हैं। दोनों में 88 फीसदी लोग कहते हैं कि उनका शहर उन्हें खुशी देता है। रोजमर्रा की खुशी में हनोई ने थोड़ा आगे निकला। दोनों ही शहर हरे-भरे स्पेस, सुस्त रफ्तार और गहरे कम्युनिटी बॉन्ड के लिए मशहूर हैं – शांति और कनेक्शन ढूंढने वालों के लिए परफेक्ट। कुछ बड़े शहर क्यों पीछे रह गए? हर बड़ा शहर टॉप पर नहीं पहुंचा। सियोल, सिंगापुर और टोक्यो नीचे हैं, टोक्यो में तो सिर्फ 70 फीसदी लोग ही कहते हैं कि शहर उन्हें खुश रखता है।

### एशिया के टॉप 10 सबसे खुश शहर

- मुंबई, भारत
- बीजिंग, चीन
- शंघाई, चीन
- चियांग माई, थाइलैंड
- हनोई, वियतनाम
- जकार्ता, इंडोनेशिया
- हॉन्ग कॉन्ग
- बैंकॉक, थाइलैंड
- सिंगापुर
- सियोल, साउथ कोरिया

## मराठा नेता जारंगे को मुंबई पुलिस का समन

10 नवंबर को आजाद मैदान थाने में पेश होने का निर्देश



**धीरज सिंह | मुंबई**

मुंबई पुलिस ने मराठा आरक्षण आंदोलन से जुड़े मामले में मराठा नेता मनोज जारंगे पाटिल को समन जारी किया है। उन्हें 10 नवंबर को सुबह 11 बजे आज़ाद मैदान पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यह पूछताछ पिछले महीने आजाद मैदान में हुए आरक्षण आंदोलन के संदर्भ में की जाएगी।

### अनुमति बिना आंदोलन का मामला

पुलिस के अनुसार, मनोज जारंगे ने 2 सितंबर को आजाद मैदान में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन किया था, जिसके लिए पुलिस ने अनुमति नहीं दी थी। इसके बावजूद आंदोलन जारी रहा, जिसके बाद मुंबई उच्च न्यायालय ने इसे समाप्त करने का आदेश दिया। बाद में राज्य सरकार ने उनकी मांगें मान ली थीं, लेकिन आंदोलन समाप्त होने से पहले आजाद मैदान पुलिस ने जारंगे सहित दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 36 लाख का प्रतिबंधित गुटखा जब्त

**भिवंडी।** महाराष्ट्र में प्रतिबंधित होने के बावजूद भिवंडी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुटखा की खुलेआम बिक्री जारी है। इसी अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए निजामपुर पुलिस ने तस्करी द्वारा लाए जा रहे 27 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित गुटखे के साथ 9 लाख रुपये के ट्रक सहित कुल 36 लाख रुपये का माल जब्त किया है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक मोहम्मद युसुफ सरीफ शेख (32), निवासी मुंब्रा कौसा, को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, निजामपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुटखा माफिया ट्रक के माध्यम से बड़ी खेप भिवंडी में लाने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वंजारपट्टी नाका से कल्याण नाका के बीच उपविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने जाल बिछाया। तड़के एक संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की गई, जिसमें 27,30,600 मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा बरामद हुआ। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को मौके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 223, 274, 275, 123 समेत खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (Food Safety and Standards Act, 2006) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह गुटखा कहां से लाया गया था, किसने मंगाया और कहां सप्लाई किया जाना था। जांच अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से भिवंडी क्षेत्र में सक्रिय गुटखा तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

### ठाणे मनपा चुनाव के लिए ठाणे एनसीपी एसपी कार्यालय में 73 अर्जी



**ठाणे।** राज्य में नगर परिषद चुनावों के बाद अब ठाणे नगर निगम चुनाव ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड के नेतृत्व में एनसीपी (शरद चंद्र पवार गुट) को ठाणे में मजबूत समर्थन मिल रहा है। पार्टी द्वारा उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाने के बाद, पिछले दो दिनों में लगभग 73 इच्छुक उम्मीदवारों ने अपने आवेदन जिला अध्यक्ष मनोज प्रधान को सौंपे हैं। माना जा रहा है कि नगर निगम के आम चुनाव जनवरी 2026 में आयोजित किए जा सकते हैं, जबकि वार्ड आरक्षण की घोषणा 11 नवंबर को होगी। एनसीपी (शरद पवार गुट) की ओर से जारी आव्हान को ठाणे शहरवासियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। कलवा, मुंब्रा, विटावा, घोड़बंदर, वागले, कोपरी, पंचपाखड़ी और ठाणे शहर क्षेत्र से बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। मनोज प्रधान ने बताया कि पार्टी में उच्च शिक्षित युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी इस बार उल्लेखनीय रही है। आवेदन 10 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जिसके बाद उन्हें क्षेत्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। मनोज प्रधान ने कहा कि ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में शरद पवार की विचारधारा और डॉ. जितेंद्र आव्हाड के नेतृत्व में जनता का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। पार्टी संगठन लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि सभी आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा और उसके बाद योग्य उम्मीदवारों के नामों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। ठाणे में आगामी चुनाव एनसीपी (शरद पवार गुट) के लिए एक संगठनात्मक परीक्षा और जनाधार प्रदर्शन का महत्वपूर्ण मौका साबित हो सकता है।

**कल्याण-डोंबिवली में सियासी उलटफेर**

# उद्धव ठाकरे को जोर का झटका

### दीपेश म्हात्रे बीजेपी में होंगे शामिल

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे को कल्याण-डोंबिवली में बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी के प्रभावशाली नेता और जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (BJP) में शामिल होने का फैसला लिया है। कहा जा रहा है कि म्हात्रे के साथ 7 से 8 पूर्व पार्षद भी भाजपा में शामिल होंगे।



### भव्य प्रवेश समारोह की तैयारी

दीपेश म्हात्रे का भाजपा प्रवेश समारोह डोंबिवली जिमखाना में रविवार को आयोजित किया गया है। इस अवसर पर महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, मंत्री गणेश नाइक और पूर्व मंत्री कपिल पाटिल की मौजूदगी रहेगी। कहा जा रहा है कि भाजपा ने म्हात्रे को विधान परिषद या केडीएमसी महापौर पद का प्रस्ताव देकर पार्टी में शामिल किया है।

### कौन हैं दीपेश म्हात्रे?

दीपेश म्हात्रे 2009 से केडीएमसी पार्षद रहे हैं और दो बार स्थायी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे एक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके पिता पुंडलिक म्हात्रे केडीएमसी के पूर्व महापौर रहे हैं, जबकि उनके भाई जयेश म्हात्रे और माँ दोनों ही पूर्व पार्षद रह चुके हैं। म्हात्रे के भाजपा में शामिल होने से कल्याण-डोंबिवली की सियासत में नया समीकरण बन सकता है। राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि यह कदम आने वाले केडीएमसी और विधानसभा चुनावों में भाजपा की स्थिति मजबूत करेगा और उद्धव ठाकरे गुट की पकड़ कमजोर कर सकता है।

### उद्धव और शिंदे दोनों को झटका

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, म्हात्रे का यह कदम न केवल उद्धव ठाकरे के लिए बल्कि एकनाथ शिंदे गुट के लिए भी बड़ा झटका है। शिंदे फिलहाल भाजपा के साथ गठबंधन में हैं, लेकिन म्हात्रे के भाजपा में शामिल होने से दोनों शिवसेनाओं के समीकरणों पर असर पड़ सकता है।

### पुराने राजनीतिक विरोधी अब सहयोगी

दिलचस्प बात यह है कि दीपेश म्हात्रे और रवींद्र चव्हाण लंबे समय से कट्टर राजनीतिक विरोधी माने जाते रहे हैं। म्हात्रे दो बार चव्हाण के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि, हाल ही में गणेशोत्सव के दौरान दोनों एक साथ दिखाई दिए थे, जिससे राजनीतिक हलकों में उनकी नजदीकी की चर्चा शुरू हुई थी।

### आगामी केडीएमसी चुनावों से पहले बड़ा असर

यह कदम कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) चुनावों से ठीक पहले आया है, जिससे भाजपा को स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ मिल सकती है। कहा जा रहा है कि भाजपा अब म्हात्रे के प्रभाव क्षेत्र में गहराई से प्रवेश करना चाहती है।

### पहले शिंदे के, फिर उद्धव के साथ

जब शिवसेना दो भागों में बंटी, तब दीपेश म्हात्रे ने पहले एकनाथ शिंदे का साथ दिया था। मगर पिछले साल विधानसभा चुनावों से पहले उन्होंने चार पार्षदों के साथ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (UBT) में प्रवेश किया और भाजपा नेता चव्हाण के खिलाफ चुनाव लड़ा।

# राशन के अनाज की कालाबाजारी उजागर

### 165 क्विंटल चावल-गेंहू जब्त, ट्रक चालक गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | शहापुर

शहापुर पुलिस ने सरकारी वितरण प्रणाली (PDS) के अनाज के काले बाज़ार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में सरकारी योजना के तहत मिलने वाला चावल और गेहूं भरा हुआ था। पुलिस ने मौके से कुल 165 क्विंटल अनाज ज़ब्त किया है। यह कार्रवाई शहापुर तालुका के गंगारोड-वाफे परिसर में की गई, जहां एक ट्रक संदिग्ध स्थिति में खड़ा मिला।



### जांच में उजागर हुआ अनाज बेचने का षड्यंत्र

मौके पर पहुंचे तहसीलदार और पुरवठा अधिकारी की जांच में ट्रक (क्रमांक MH-04 KU 6575) से 320 बोरे चावल (160 क्विंटल) और 10 बोरे गेहूं (5 क्विंटल) बरामद हुए। यह ट्रक "सार्वजनिक वितरण व्यवस्था – सुधारित धान्य वितरण पद्धती, महाराष्ट्र शासन" बोर्ड से चिह्नित था। प्रारंभिक जांच से पता चला कि चालक ने यह अनाज निर्धारित मार्ग से हटाकर काले बाज़ार में बेचने की कोशिश की थी।

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज

पुरवठा अधिकारी की शिकायत पर शहापुर पुलिस ने गु.र.नं. 360/2025 के तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आरोपी चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या इस अवैध कारोबार में अन्य व्यक्ति या सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं।

# अवैध हथियार तस्कर गिरफ्तार

विनय दूबे | भाईंदर

एमबीवीवी की जबरन हफ्ता विरोधी प्रकोष्ठ ने एक व्यक्ति को देशी रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल राठोड़ को उनके गोपनीय सूत्रों से अवैध हथियार तस्कर के बारे में जानकारी मिली।



### शिरसाड फाटा पर जाल बिछाया गया

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग स्थित शिरसाड फाटा के भारत पेट्रोल पंप के पास जाल बिछाया और हथियार बेचने आए आरोपी निखिल यादव को पकड़ा।

### हथियार और कारतूस बरामद

पुलिस ने आरोपी के पास से देशी बनावट की एक रिवॉल्वर, चार जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी किसी अज्ञात व्यक्ति को रिवॉल्वर बेचने के इरादे से वहां आया हुआ था।

# पुलिस ने शातिर सेंधमार को किया गिरफ्तार

विनय दूबे | भाईंदर

एमबीवीवी नवघर पुलिस थाने की अपराध शाखा की टीम ने एक शातिर सेंधमार को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी हुए सोने के आभूषणों में से सवा दो लाख रुपये मूल्य के गहने और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### दिवाली के दौरान हुई थी सेंधमारी

शिकायत के अनुसार, 19 अक्टूबर को नवघर पुलिस थाने की सीमा में शिकायतकर्ता छोटेलाल के घर पर सेंधमारी कर 4.32 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण, नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए थे। दिवाली के समय हुई इस चोरी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल से मिले सबूतों, चोरी के तरीके और गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान प्रेमचंद चौधरी के रूप में की। हालांकि, आरोपी का कोई स्थायी ठिकाना नहीं था और वह मोबाइल फोन भी इस्तेमाल नहीं करता था, जिससे जांच चुनौतीपूर्ण हो गई।



### आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी प्रेमचंद चौधरी पेशेवर अपराधी है। उसके खिलाफ नवघर और काशीमीरा पुलिस थानों में कुल पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

### मीरा रोड से दबोचा गया आरोपी

जांच टीम ने चोरी हुए मोबाइल फोन के आधार पर आरोपी की तलाश वसई, कामन और भिवंडी क्षेत्रों में की। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी मीरा रोड स्थित जीसीसी क्लब के पास आने वाला है। पुलिस ने जाल बिछाकर प्रेमचंद को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# चांदनी बार पर पुलिस की छापेमारी

### बार बालाओं सहित 15 लोगो पर मामला दर्ज

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

शहर के चर्चित और विवादों में घिरे चांदनी बार पर उल्हासनगर मध्यवर्ती पुलिस ने बुधवार देर रात छापा मारकर अश्लील गतिविधियों पर रोक लगाने की कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से नौ बार बालाओं सहित बार मालिक, मैनेजर और वेटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कैम्प-3 के सेक्शन 17 स्थित चांदनी लेडीज बार में निर्धारित समय सीमा के बाद भी गतिविधियां जारी थीं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया कि कई बार बालाएं अर्धनग्न अवस्था में ग्राहकों को लुभाने के लिए अश्लील हावभाव कर रही थीं।

### बार में अक्सर होती रही मारपीट और हंगामे




स्थानीय लोगों के अनुसार, इस बार में बिल और पैसे के लेनदेन को लेकर झगड़े आम हैं। कई बार ग्राहकों और बार स्टाफ के बीच हिंसक विवाद हुए हैं। एक बार ग्राहकों ने ऑपरेटर अजय और सुधाकर शेट्टी से मारपीट की थी, जबकि एक अन्य घटना में होटल कर्मचारियों ने ग्राहक सुजीत सिंह की बेरहमी से पिटाई कर उसका पैर तोड़ दिया था। पूर्व मनपा आयुक्त निम्बलकर के आदेश पर प्रभाग अधिकारी मेवाड़े और गणेश शिंपी ने बार के कई अवैध हिस्सों को तोड़ दिया था। इसके बावजूद बार ने नियमों की अनदेखी करते हुए दोबारा अवैध तरीके से संचालन शुरू कर दिया, जिससे प्रशासन की सख्ती पर सवाल उठने लगे हैं।

### कोरोना काल के नियमों की भी उड़ाई गई धज्जियां

जांच में सामने आया कि यह बार न केवल समय सीमा का उल्लंघन कर रहा था बल्कि कोरोना काल में लगाए गए प्रतिबंधों को भी अनदेखा कर रहा था। प्रशासन ने पहले भी इस बार को सील किया था, लेकिन संचालक ने नियमों की परवाह किए बिना बार को फिर से शुरू कर दिया।

### 80 से अधिक मामलों में पहले भी आ चुका है नाम

चांदनी बार पर अब तक 80 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं। बावजूद इसके, बार प्रशासन ने अवैध गतिविधियों को रोकने के बजाय उन्हें जारी रखा। बार के बाहर "छमछम" की आवाजें और देर रात तक चलने वाले डांस शो आम बात बन गई थी।

### बार मालिक और स्टाफ के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस ने मौके से नौ बार बालाओं, वेटरों, बार मालिक सुधीर शिवराम शेट्टी (49) और मैनेजर दीपक मेमन सहित कुल 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक सचिन पवार के नेतृत्व में की जा रही है।

# पत्नी ने अपने आशिक के साथ मिलकर किया पति का कत्ल

### पुलिस ने पत्नी और प्रेमी को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | बदलापुर

बदलापुर गांव (प) परिसर की नदी में एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बदलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच में मृतक की पहचान किशन परमार के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी और शव को सबूत मिटाने के लिए नदी में फेंक दिया गया था।

### पत्नी और उसके आशिक ने की साजिश



मृतक के भाई नरेश शकरलाल परमार, जो मुलुंड निवासी हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि किशन परमार अपनी पत्नी मनीषा परमार के साथ बदलापुर के बोराडपाड़ा रोड स्थित एक इमारत में रहता था। उसी इमारत में रहने वाला लक्ष्मण दशरथ भोई मनीषा के साथ अवैध संबंध रखता था। नरेश के अनुसार, इन्हीं दोनों ने मिलकर उसके भाई की हत्या की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मनीषा और लक्ष्मण को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

### आरोपी को चार दिन की पुलिस रिमांड

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि 7 नवंबर की देर रात उन्होंने रस्सी से किशन का गला घोंटकर हत्या की और सबूत मिटाने के लिए शव को नदी में फेंक दिया। इसके बाद दोनों फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। इस पूरे मामले की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक दिनकर पगारे के नेतृत्व में जारी है।

# मनसे उपविभाग अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

### विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन मे आपराधिक मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के उप विभाग अध्यक्ष अजय बागुल पर देर रात जानलेवा हमला होने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इस हमले में अजय बागुल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विट्ठलवाड़ी थाना क्षेत्र में मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी युवक फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

### विवाद के बीच बीच-बचाव में हुई मारपीट




पुलिस के अनुसार, उल्हासनगर-4 स्थित सीएनजी पंप के पास एक चायनीज दुकान के बाहर रात करीब 2 बजे कुछ युवकों के बीच विवाद चल रहा था। इस दौरान अजय बागुल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन नशे में धुत युवकों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बागुल की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं।

### मनसे पदाधिकारियों ने जताई नाराज़गी

घटना के बाद मनसे पदाधिकारियों में भारी आक्रोश देखा गया। उन्होंने देर रात तक खुली रहने वाली चायनीज दुकानों पर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को इस तरह की घटनाओं पर सख्त कदम उठाना चाहिए ताकि शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया गया है।

# लोहे की सरिया चोरी का भंडाफोड़

### चार ट्रक ड्राइवरों पर केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के राजनोली नाका क्षेत्र में लोहे की सरिया चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। कोनगांव पुलिस ने तड़के छापेमारी करते हुए लगभग 1 करोड़ 11 लाख 5 हजार 200 रुपये मूल्य की 8,130 किलोग्राम लोखंडी सरिया जब्त की है। इस कार्रवाई में चार ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जबकि तीन आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं।

### औद्योगिक क्षेत्र में सक्रिय गिरोह पर पुलिस की नजर



छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके पर मौजूद संदेहास्पद माल जब्त कर लिया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं, और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। इस प्रकरण की जांच पुलिस उपनिरीक्षक रोहन गायकवाड़ कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, भिवंडी के औद्योगिक क्षेत्रों में पिछले कुछ महीनों से सरिया चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं, ऐसे में यह कार्रवाई एक सक्रिय चोरी गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में अहम साबित हो सकती है।

### ट्रक चालकों की मिलीभगत से चल रहा था अवैध कारोबार



पुलिस के अनुसार, प्रथमेश कंपाउंड स्थित आरमॅक्स लॉजिस्टिक सेंटर के पास ट्रक चालकों की मिलीभगत से चोरी की सरिया अवैध रूप से बेचने का धंधा चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर सुबह सवा पांच बजे पुलिस ने छापा मारा, जहां चार ट्रकों से सरिया उतारने का काम चल रहा था। हवलदार अरविंद पुंडलीक गोरले की शिकायत पर पुलिस ने शिवम बलराज गुप्ता, विपिन जयप्रकाश यादव, राममिलन ब्रिजलाल यादव और एक अन्य ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी मोनू यादव और उसके साथियों ने चोरी की सरिया विभिन्न जगहों पर बेच दी थी।

# फिर नाबालिग लड़की का अपहरण, आरोपी फरार

### नारपोली पुलिस ने शुरू की जांच

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



भिवंडी तालुका के रहनाल गांव से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। यह घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज किया है। नारपोली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता के पिता ने शिकायत में बताया कि 7 नवंबर की रात करीब पौने तीन बजे उनकी नाबालिग बेटी अचानक घर से गायब हो गई। परिवार ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर लड़की को अज्ञात स्थान पर ले गया है। प्राथमिक जांच में पुलिस को शक है कि आरोपी ने नाबालिग को गलत नीयत से अपने साथ ले जाने का अपराध किया है। नारपोली पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष जांच टीम का गठन किया है। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मोबाइल लोकेशन के आधार पर सुराग तलाशने में जुटी है। फिलहाल आरोपी फरार है। घटना के बाद शहर और आसपास के इलाकों में नाबालिगों के बढ़ते अपहरण और पुलिस की लापरवाही को लेकर नागरिकों में दहशत और नाराजगी का माहौल है।

# कूपर अस्पताल में डॉक्टरों पर हमला

## जुहू पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई स्थित कूपर सरकारी अस्पताल में शुक्रवार देर रात एक चौंकाने वाली घटना घटी। आपातकालीन विभाग में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों पर एक मरीज के परिजनों ने हमला कर दिया, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही जुहू पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### इलाज के दौरान मरीज की मौत पर भड़के परिजन

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब एक बजे एक गंभीर मरीज को अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की, लेकिन मरीज की हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और डॉक्टरों को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराने लगे।

### आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज, जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। जुहू पुलिस स्टेशन ने आरोपी समीर अब्दुल जब्बार शेख के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने हमले को गंभीर मानते हुए जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### तीन डॉक्टर घायल, अस्पताल में ही इलाज जारी

गुस्से में आए परिजनों ने आपातकालीन विभाग में घुसकर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों से मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि इस हमले में तीन डॉक्टर घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य स्टाफ ने किसी तरह बीच-बचाव कर डॉक्टरों को बचाया। घायल डॉक्टरों का अस्पताल में ही इलाज किया गया और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### सीसीटीवी में कैद हुआ हमला

रिपोर्ट के अनुसार, आपातकालीन विभाग के डॉक्टर ने परिजनों को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए बुलाया था, लेकिन वे बिना कुछ पूछे अंदर घुस आए और ड्यूटी पर मौजूद आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) व रेजिडेंट डॉक्टर की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने आए अन्य डॉक्टर को भी पीटा गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें आरोपी को डॉक्टरों पर हमला करते हुए देखा जा सकता है।

# कर्जमाफी होने तक किसान वोटबंदी करें: उद्धव ठाकरे



**मुंबई/परभणी।** महाराष्ट्र शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को परभणी में किसानों से अपील की कि जब तक सरकार कर्जमाफी नहीं करती, तब तक किसानों को वोटबंदी का निर्णय लेना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि कर्जमाफी न होने से राज्य के किसानों की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है और सरकार को तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए। वे पिछले चार दिनों से मराठवाड़ा दौरे पर थे, और परभणी में दौरे के अंतिम दिन उन्होंने किसानों से संवाद किया।

### 'सरकार ने दिवाली से पहले मदद का वादा किया, लेकिन निभाया नहीं'

उद्धव ठाकरे ने कहा कि सरकार ने किसानों से वादा किया था कि वह दिवाली से पहले मदद देगी, लेकिन अब तक कुछ नहीं किया गया। उन्होंने कहा, "सरकार कहती है कि उसने किसानों का कर्ज माफ किया, लेकिन यह केवल घोषणा तक सीमित है। किसान असमंजस में हैं कि क्या करें — बैंक किश्त के लिए दबाव डाल रही हैं और फसल बीमा का पैसा भी नहीं मिल रहा है।" ठाकरे ने केंद्र सरकार पर भी तंज कसते हुए कहा कि "केंद्रीय कर्मचारियों को तो आठवां वेतन आयोग दिया जा रहा है, लेकिन किसानों को उनका हक नहीं मिल रहा।"

### कर्जमाफी में देरी और बीमा घोटाले पर मोर्चा

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की मदद 'ड्रिप सिंचाई की तरह बूंद-बूंद' दे रही है — किसी को तीन रुपये, किसी को पांच रुपये। उन्होंने सवाल किया कि इस तरह की मदद से किसान कैसे जिंदा रहेंगे? ठाकरे ने बताया कि उनकी पार्टी फसल बीमा कंपनियों के खिलाफ मोर्चा निकालेगी और किसानों को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि किसानों को अपनी कर्ज की किश्तें चुकानी हैं या नहीं, क्योंकि जब तक कर्जमाफी नहीं होती, तब तक किसानों का संघर्ष जारी रहेगा।

# वोट चोरी के खिलाफ मुंबई यूथ कांग्रेस का जनजागरण अभियान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

देश में चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक कर्तव्य है, लेकिन अब इस संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव आयोग की मदद से मतचोरी कर रही है। इसी मुद्दे के विरोध में मुंबई यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ज़ीनत शबरीन के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस ने वोट चोरी के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया।



### मेट्रो और लोकल ट्रेन में चलाया गया जागरूकता अभियान

यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने घाटकोपर से साकीनाका तथा अंधेरी से गोरेगांव मार्ग पर मेट्रो और लोकल ट्रेन से यात्रा करते हुए यात्रियों से संवाद साधा। उन्होंने यात्रियों को पर्चे बाँटकर चुनाव आयोग और भाजपा की कथित मतचोरी की जानकारी दी और लोगों को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतर्क रहने की अपील की। अभियान के दौरान यात्रियों को बताया गया कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक नहीं बल्कि लोकतंत्र की पारदर्शिता और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है।

### लोकतंत्र बचाने की लड़ाई : ज़ीनत शबरीन

मुंबई यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ज़ीनत शबरीन ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के भ्रष्ट आचरण को सबूतों के साथ उजागर कर यह दिखाया है कि किस तरह लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हैं और मतचोरी विरोधी जनजागरण अभियान के माध्यम से जनता को जागरूक कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान आगे भी मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा ताकि हर नागरिक लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट हो सके।

# भूखंड के श्रीखंड में फंस रहे महायुति के नेता

## पार्थ पवार के बाद मंत्री सरनाईक पर 200 करोड़ के जमीन घोटाले का आरोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में विवादास्पद भूमि सौदों को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने शनिवार को राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि सरनाईक ने मीरा भायंदर में अपने शैक्षणिक संस्थान के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये मूल्य की चार एकड़ जमीन मात्र तीन करोड़ रुपये में खरीदी है।

### कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल



वडेट्टीवार ने पत्रकारों से कहा, "क्या कोई मंत्री अपने शैक्षणिक संस्थान के लिए इस तरह जमीन खरीद सकता है? अगर यह जायज है, तो मान लीजिए कि यही महाराष्ट्र है।" उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता के दुरुपयोग की हदें पार हो चुकी हैं और जनता के हितों की अनदेखी हो रही है। वडेट्टीवार के आरोप ऐसे समय में आए हैं जब उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी एक कंपनी पर भी भूमि सौदे में अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं। पुणे के मुंधवा क्षेत्र में 40 एकड़ सरकारी जमीन पार्थ पवार की सह-स्वामित्व वाली कंपनी अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को बेचे जाने का सौदा अब जांच के दायरे में है।

### सरनाईक ने आरोपों को बताया निराधार

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने वडेट्टीवार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अपने दावों को साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करें। सरनाईक ने सवाल उठाया, "मैं जानना चाहता हूं कि वह जमीन कहां है और उसका मुझसे क्या संबंध है?" उन्होंने कहा कि मंत्री होने के कारण उन पर आरोप लगना कोई नई बात नहीं है।

# मुंबई में बढ़ा वायु प्रदूषण

## कई इलाकों में एयर क्वालिटी 'मध्यम' स्तर पर दर्ज



### हाल में सुधार के बाद फिर गिरावट

अक्टूबर महीने में ज्यादातर दिनों में मुंबई की हवा 'अच्छी' से 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। बारिश के बाद प्रदूषण के कण धुल जाने से लोगों को राहत मिली थी। लेकिन पिछले दो दिनों में AQI के बढ़ने से हवा की गुणवत्ता फिर बिगड़ गई है।

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में पिछले कुछ दिनों की तुलना में शुक्रवार और शनिवार को वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। शनिवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज किया गया।

'समीर ऐप' के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को मुंबई का समग्र AQI 106 दर्ज हुआ। बीते हफ्ते बारिश के चलते वायु गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला था, लेकिन अब हवा की गुणवत्ता फिर से गिरावट की ओर है।

**पश्चिम रेलवे**

**रॉकजाली सुरक्षा में सुधार कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 **निविदा सूचना क्रमांक: BCT/25-26/256, दिनांक: 06.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), मुंबई सेंट्रल (MMCT) के अधिकार क्षेत्र में उकाईसोंगढ - जलगांव खंड के बीच संवेदनशील स्थानों पर रॉकजाली सुरक्षा में सुधार तथा साइड ड्रेन सहित फॉल्स कटिंग का चौड़ीकरण। **अनुमानित लागत:** 20,34,50,205.05 **बोली सुरक्षा (EMD):** 11,67,300/- **टेंडर प्रणाली:** दो पैकेट प्रणाली निविदा आमंत्रणकर्ता: प्रस्तुति की अंतिम तिथि और समय: 05.12.2025, दोपहर 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि और समय:** 05.12.2025, दोपहर 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in 0765

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013 द्वारा **ई-निविदा सूचना निविदा क्रमांक: WR-PL-MnP=ATL-CAMC दिनांक: 04.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम एवं स्थान:** लोअर परेल वर्कशॉप में 03 संख्याओं के कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (CNC) एक्सल टर्निंग लेथ (ATL) मशीनों का क्लस्टर व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC) — 1. Proteck (M&P No.111.07.12) 2. Sunkap (M&P No.111.07.11) 3. HMT (M&P No.111.07.10) जिसमें EMU एवं LHB रफ एक्सल फिनिशिंग मशीन कार्य शामिल है। अनुबंध की अवधि 02 वर्ष होगी। अनुमानित लागत: **1,05,10,500/- जमानत रक्कम** (EMD): 2,02,600/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 24.11.2025, दोपहर 12:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 24.11.2025, दोपहर 12:30 बजे विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0760

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एयर ब्रेक पाइपलाइन के संशोधन और उन्नयन का कार्य**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013 **निविदा सूचना संख्या: WR-PL-ME-EST-636455 दिनांक: 04.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम एवं स्थान:** स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार एलएचबी/आईसीएफ कोचों में एयर ब्रेक पाइपलाइनों का संशोधन और उन्नयन कार्य। **अनुमानित लागत:** 77,66,014.26 अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी): 1,55,300/- **प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 22.11.2025 तक, दोपहर 12:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 22.11.2025 को दोपहर 12:30 बजे विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0763

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**प्री-बिड मीटिंग सूचना**

**निविदा संख्या:** 71255057/2025/O/o MD/BY HOS/HQ/CR. **विषय:** आर्थोपेडिक विभाग, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल, भायखला, मध्य रेल के लिए इंट्रा-ऑपरेटिव सीटी स्कैन सिस्टम (संख्या: 01) की खरीद, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग तथा व्यापक रखरखाव। निविदा की विशिष्टताओं, पात्रता मानदंडों एवं बोलीदाताओं के प्रश्नों पर चर्चा हेतु एक **प्री-बिड मीटिंग** आयोजित की जा रही है। **तिथि:** 18 नवम्बर, 2025. **समय:** प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक (भारतीय मानक समय)। **स्थान:** रैपिकॉन हॉल, चौथी मंज़िल, चिकित्सा निदेशक का कार्यालय, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल, भायखला, मुंबई - 400027. **मोड:** हाइब्रिड (भौतिक + वर्चुअल)। ऑनलाइन लिंक बैठक से एक दिन पूर्व IREPS पोर्टल पर साझा की जाएगी। **अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट देखें:** www.ireps.gov.in **संपर्क व्यक्ति:** डॉ. आयुष शर्मा (वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी) भायखला रेलवे हॉस्पिटल, मध्य रेल, भायखला, मुंबई - 400027. **ईमेल:** drayush@gmail.com **फोन:** 8828110571. Sai/622

रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**

भुसावल मंडल

**डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना एवं विभिन्न अन्य कार्य**

भारत के महामहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीज़नल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्ताक्षरित ऑनलाइन ओपन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्यों के संबंध में 25 केवी, एकल चरण, एसी ओएचई कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग: **(क)** अकोला स्टेशन पर गुड्स शेड की स्थापना/हटाने की सुविधा के लिए पूरी रेक लंबाई के लिए यूपी शंटिंग नेक का विस्तार। **(ख)** न्यू अमरावती स्टेशन पर एचएल यात्री प्लेटफार्म और गुड्स शेड का प्रावधान। **कार्य की लागत:** ₹1,83,93,833.10. **बयाना राशि:** ₹2,42,000/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय:** 04/12/2025 up to 15:00 hrs. **अतिरिक्त जानकारी के लिए वेब साइट का पता:** www.ireps.gov.in

सीनि. डि. बि. इं. (क.वि.) भुसावल

ओपन ई-निविदा सूचना सं.: भुसावल_ईलेक्ट_टीआरडी_76_2025, दिनांक: 07/11/2025 Sai/BSL/10

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है

# ठेकेदार की मनमानी से नाराज स्वास्थ्य कर्मचारी

## 17 नवंबर से आज़ाद मैदान में अनिश्चितकालीन धरना

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका प्रशासन ने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की नियुक्ति और अन्य जिम्मेदारियां एक ठेकेदार को सौंप दी हैं। हालांकि, कर्मचारियों ने ठेकेदार पर श्रमिक कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए 17 नवंबर से आज़ाद मैदान में अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया है। महानगरपालिका कर्मचारी संघ का कहना है कि ठेकेदार कर्मचारियों को वेतन वृद्धि, मातृत्व अवकाश, भविष्य निधि (PF), स्वास्थ्य बीमा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं दे रहा है। जबकि ये सभी लाभ श्रम अधिनियम के तहत अनिवार्य हैं।



### 2016 से काम कर रहे हैं 1200 कर्मचारी

मुंबई महानगरपालिका के अधीन करीब 1200 कर्मचारी वर्ष 2016 से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इनमें डॉक्टर, तकनीशियन, नर्स, टीकाकरण अधिकारी, सामाजिक विकास अधिकारी, डाटा ऑपरेटर और अन्य वर्गों के कर्मचारी शामिल हैं।

### ठेकेदार और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

कर्मचारियों का कहना है कि इस मुद्दे पर कई बार लिखित शिकायतें और बैठकें की गईं, परंतु आरोग्य भवन आयुक्त, नगर निगम आयुक्त और संबंधित अधिकारियों ने ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

कम वेतन के कारण कर्मचारियों के लिए मुंबई में रहना बेहद कठिन हो गया है। उनके अनुसार, बच्चों की शिक्षा, किराया और स्वास्थ्य खर्च पूरे करना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारी संगठन ने मांग की है कि इस मुद्दे पर तत्काल मनपा आयुक्त और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की जाए, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकले। यदि प्रशासन ने जल्द कोई निर्णय नहीं लिया, तो कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि आज़ाद मैदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा और यह तब तक जारी रहेगा, जब तक ठेकेदार व्यवस्था समाप्त कर नियमित नियुक्ति नहीं की जाती।

# समाज और गौमाता के लिए हमेशा तैयार हूं : लोढ़ा



**मुंबई।** मुंबई में गुरुवार को आयोजित एक भव्य समारोह में राज्य के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा का पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह दक्षिण मुंबई स्थित अवसर हॉल में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जिसकी मेज़बानी दर्शन राजपुरोहित ने की। इस अवसर पर गौधाम पथमेड़ा के आयोजन मंत्री एन के पुरोहित से चर्चा करते हुए मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि मैं गौमाता सहित पुरोहित समाज के हर हित के लिए हर पल तैयार रहूंगा।

समारोह के दौरान पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित ने मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा का माल्यार्पण कर स्वागत किया और समाज व राज्य के विकास में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंत्री लोढ़ा ने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी है और उनके कार्यों से मुंबई ही नहीं, पूरे महाराष्ट्र में विकास की नई दिशा मिली है।

कार्यक्रम में शहर और राज्य भर से अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राज के पुरोहित, कांग्रेस नेता प्रताप भंवरसिंह राजपुरोहित, हैदराबाद के पूर्व विधायक अतु ल शाह, कस्टम विभाग की अधिकारी अस्मिता राजपुरोहित, पूर्व नगरसेविका रीटा मकवाना, समाजसेवी पवनराज मेहता, उद्योगपति जनक संघवी, वरिष्ठ व्यापारी जगदीश पुरोहित, तथा सामाजिक कार्यकर्ता हुकमसिंह खीचन, नारायणसिंह निम्बाडा, सुभाष चौधरी, किरणसिंह सीए, नरेंद्र पुरोहित सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने अपने संबोधन में इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग और विश्वास से ही सरकार जनता की भलाई के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर सकती है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों को शुभकामनाएं दीं और समाज में एकता एवं सेवा की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों को सम्मानचिन्ह प्रदान किए गए तथा सभी ने पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक एकता के संदेश के साथ समारोह का समापन किया।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008।

कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-53 | 25-11-25 15:00:00 |

| क्र. | लॉट नं. | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-DDR-OSN-443-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर पैदल पुलों (एफओबी) पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 25-11-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-CYR-OSN-442-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | चर्नी रोड (सीवाईआर) स्टेशन पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 25-11-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-BA-OSN-440-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | बांद्रा (बांद्रा) स्टेशन पर पैदल पुलों (एफओबी) पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 25-11-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-ADH-OSN-441-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | अंधेरी स्टेशन के ऊपरी डेक पर बैठने की व्यवस्था के साथ ग्लो लॉलीपॉप के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 25-11-25 16:00:00 |

**संपर्क विवरण: लैंडलाइन नंबर: 02267644212. ईमेल आईडी: acmadvtgbct@gmail.com**

नोट: संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। (www.ireps.gov.in)। लॉटवार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं। 0762

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें twitter.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई- निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मनपा मुद्रण प्रेस |
| उप विभाग | स्टोर प्रपोजल |
| निविदा न. | 2025_एमसीजीएम_1235203_2 |
| विषय | डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की तैयार पुस्तिकाएँ बीएमसी को आपूर्ति करना। |
| निविदा बिक्री प्रपत्र | 8/11/2025 11.00 बजे से<br>13/11/2024 16.00 बजे तक |
| लोकेशन | http://portal.mcgm.qov.in /www.mahatenders.gov. in |
| संपर्क अधिकारी | |
| अ) नाम | श्रीमती स्वप्ना घुले उप प्रबंधक, मनपा मुद्रण प्रेस |
| ब) ऑफिस टेलीफोन | 022-23023432 |
| सी) मोबाइल क्रमांक | 9702495544 |
| डी) ई-मेल एड्रेस | dymmp1.mpp@mcgm.gov.in |

पीआरओ/2153/2025-26

हस्ता.
प्रबंधक
मनपा मुद्रण प्रेस

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन का कहर

पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का मानवीय जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का शोर तो लंबे समय से सुनाई दे रहा है, लेकिन इसकी घातकता का अंदाजा कुछ समय पहले प्रकाशित प्रमाणिक वैश्विक सर्वेक्षण से सामने आया है। सर्वे बताता है कि भारत में पिछले साल बीस दिन लू का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन कारकों से अधिक गर्म हवाएं चलीं। यह भी कि वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते 247 अरब घंटों का नुकसान हुआ, जिसके चलते श्रम क्षमता में कमी आने से 194 अरब डॉलर का नुकसान देखा गया। 'द लांसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जलवायु परिर्वतन के कारकों से कृषि क्षेत्र में 66 फीसदी और निर्माण क्षेत्र में बीस फीसदी का नुकसान हुआ। यह रिपोर्ट इशारा करती है कि अत्यधिक गर्मी के कारण श्रम क्षमता में कमी के कारण 194 अरब डॉलर की संभावित आय का नुकसान हुआ। उल्लेखनीय है कि यह रिपोर्ट विश्व के 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के 128 अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने तैयार की, जिसका कुशल नेतृत्व यूनिवर्सिटी कालेज लंदन ने किया। इस रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के बीच संबंधों का अब तक सबसे व्यापक आकलन किया गया है। रिपोर्ट बताती है कि जीवाश्म ईंधनों पर अत्यधिक निर्भरता और जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन की विफलता से लाखों लोगों की जिंदगियां, स्वास्थ्य और आजीविका खतरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को मापने वाले 20 में से बारह संकेतक अब तक के सबसे उच्चतम स्तर तक जा पहुंचे हैं। रिपोर्ट बताती है कि साल 2020 से 2024 के बीच भारत में औसतन हर साल दस हजार मौतें जंगल की आग से उत्पन्न पीएम 2.5 प्रदूषण से जुड़ी थीं। चिंता की बात यह है कि यह वृद्धि 2003 से 2012 की तुलना में 28 फीसदी अधिक है, जो हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। विडंबना यह है कि 'द लांसेट' की रिपोर्ट में सामने आए गंभीर तथ्यों के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस संकट से मिलकर जूझने की ईमानदार कोशिश होती नजर नहीं आती। यह निर्विवाद तथ्य है कि दुनिया के विकसित देश अपनी जिम्मेदारी से लगातार बचने के प्रयास कर रहे हैं। खासकर हाल के वर्षों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन को लेकर जो गैरजिम्मेदाराना रवैया अख्तियार किया है, उससे नहीं लगता कि वैश्विक स्तर पर इस संकट से निपटने की कोई गंभीर साझा पहल निकट भविष्य में सिरे चढ़ेगी। विकसित देश इस दिशा में मानक पेरिस समझौते की संस्तुतियों को नजरअंदाज करते नजर आते हैं। वे विकास के तमाम संसाधनों का निर्मम दोहन करने के बाद अपनी गरीब आबादी को को गरीबी के दलदल से बाहर निकालने में जुटे विकसित देशों पर जलवायु परिवर्तन से बचाव के उपायों को लागू करने के लिये लगातार दबाव बना रहे हैं। 'द लांसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट के अनुसार, मानवजनित पीएम-2.5 प्रदूषण भारत में 2022 के दौरान 17 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार था। इसमें कोयला और तरल गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों से होने वाले उत्सर्जन का 44 फीसदी योगदान था। इसके साथ ही सड़क परिवहन में पेट्रोल के उपयोग से पैदा प्रदूषण से करीब 2.69 लाख मौतें हुईं। रिपोर्ट में दर्शाई गई सबसे बड़ी चिंता श्रम के घंटों के नुकसान और कृषि क्षेत्र में 66 फीसदी नुकसान का होना है। यह संकट जहां बड़े विस्थापन को जन्म दे सकता है, वहीं हमारी खाद्य श्रृंखला संकटग्रस्त हो सकती है, जिसके लिए देश में जलवायु परिवर्तन के अनुकूल फसलों की किस्मों की खोज जरूरी हो जाती है।

## शख़्सियत | पृथ्वी शॉ

# भारतीय क्रिकेट का युवा खिलाड़ी



पृथ्वी पंकज शॉ (जन्म 9 नवंबर 1999) एक भारतीय क्रिकेटर हैं, जिन्होंने सभी प्रारूपों में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेला है। वह घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। शॉ ने 2018 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तानी की थी।

पृथ्वी शॉ का जन्म और पालन-पोषण विरार, महाराष्ट्र में 1999 में हुआ था। उनके माता-पिता बिहार के गया से आर्थिक प्रवासियों के रूप में विरार चले गए थे।

2013 में, शॉ और उनके पिता को डॉक्यूमेंट्री फिल्म बियॉन्ड ऑल बाउंड्रीज़ में दिखाया गया था। उन्होंने अपने क्रिकेट कौशल को विकसित करने के लिए इंग्लैंड में समय बिताया। 2021 में, शॉ को AAP एंटरटेनमेंट द्वारा एक अनुबंध की पेशकश की गई। उन्हें इंडियन ऑयल से भी प्रायोजन प्राप्त हुआ।

फरवरी 2023 में, एक नाइट क्लब में हुए झगड़े के बाद, यूट्यूबर सपना गिल और उनके पुरुष मित्रों ने शॉ की गाड़ी का पीछा किया, उसमें तोड़फोड़ की और उनके साथ मारपीट की। पुलिस में मामला दर्ज किया गया और बाद में गिल को गिरफ्तार कर लिया गया।

शॉ मुंबई में मिडिल इनकम ग्रुप (एमआईजी) क्रिकेट क्लब के लिए खेलते थे और रिज़वी स्प्रिंगफील्ड हाई स्कूल और मुंबई अंडर-16 टीम के कप्तान थे। नवंबर 2013 में, उन्होंने 1901 के बाद से क्रिकेट के किसी भी संगठित रूप में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च स्कोर बनाया था, जब उन्होंने हैरिस शील्ड एलीट डिवीजन मैच में 546 रन बनाए थे।

शॉ ने 2012 और 2013 में रिज़वी स्प्रिंगफ़ील्ड टीम की कप्तानी करते हुए मुंबई के युवा क्रिकेट की एक प्रतिष्ठित ट्रॉफी, हैरिस शील्ड टूर्नामेंट का खिताब जीता। 2012 में, उन्होंने सेमीफाइनल में 155 और फाइनल मैच में 174 रन बनाए। शॉ ने मुंबई के मिडिल इनकम ग्रुप क्रिकेट क्लब में प्रशिक्षण लिया और उसके लिए खेला, जहाँ सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर उनके टीम के साथी थे।

अप्रैल 2012 में, शॉ को मैनचेस्टर के चीडल हुल्मे स्कूल की ओर से खेलने के लिए इंग्लैंड आमंत्रित किया गया और दो महीने के प्रवास के दौरान उन्होंने 1,446 रन बनाए, जिसमें उनके पहले ही मैच में एक शतक भी शामिल था, और उनका औसत 84 का रहा। उन्होंने 68 विकेट भी लिए। मैनचेस्टर में अपने प्रवास के दौरान, शॉ ने स्थानीय हाई लेन क्रिकेट क्लब के लिए कई मैच खेले।

2013 में, शॉ ने ऑक्सफ़ोर्डशायर के मिडलटन स्टोनी क्रिकेट क्लब के खिलाफ क्रिप्टिक्स क्लब के लिए खेला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज़ी की और 10 ओवर से कम में 68 रन बनाए, लेकिन इंग्लैंड की परिस्थितियों में बदलाव के कारण प्रोफ़ेसर पॉल वर्ड्सवर्थ की गेंद पर कैच आउट हो गए। उस दौरान, शॉ के सलामी जोड़ीदार ने सिर्फ़ 7 रन बनाए थे। शॉ ने गेंदबाज़ी भी की और 5 ओवर में 1 रन देकर 3 विकेट लिए, साथ ही एक रनआउट भी किया।

इंग्लैंड में जूलियन वुड क्रिकेट अकादमी की एक टीम के खिलाफ 73 रन बनाने के बाद, अकादमी के संस्थापक जूलियन वुड ने शॉ को मई 2013 में इंग्लैंड आने और अकादमी में कुछ समय बिताने का प्रस्ताव दिया। 6 फरवरी 2017 को, भारत की अंडर-19 टीम के लिए अपने पाँचवें वनडे मैच में खेलते हुए, उन्होंने अंडर-19 स्तर पर अपना पहला शतक बनाया। अगस्त 2018 में, शॉ को इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए भारत की टेस्ट टीम में बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं खेले। सितंबर 2018 में, उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम में नामित किया गया था। शॉ ने 4 अक्टूबर 2018 को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। उस मैच में, उन्होंने टेस्ट में अपना पहला शतक बनाया और 18 साल और 319 दिन की उम्र में, भारत के लिए पदार्पण पर टेस्ट शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। भारत ने दूसरा टेस्ट दस विकेट से जीता, जिसमें शॉ को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

# मौन प्रेम का आधार है, और वाणी उसकी संतुलित अभिव्यक्ति



कांतिलाल मांडोत
जलवंत टाऊनशिप पूणा बॉम्बे मार्केट,
वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार-स्तम्भकार



भारतीय मनीषियों ने हमारी वाणी को वाक्शक्ति बताया है। कहा जाता है जब कोई बोलता है तो वह मनुष्य है और जब मौन हो जाता है तो वह देवता है। यानी वाणी मनुष्य की भाषा है और मौन देवताओं की भाषा है। वाणी में असीम शक्ति है, परन्तु मौन में उससे भी प्रचंड शक्ति है, इसलिए जो साधक साधनाकाल में वाणी पर संयम रखकर मौन साधना करते हैं, मौन के द्वारा उनकी आत्मा के भीतर सुप्त शक्ति प्रचंड बनती है। हमारे प्राचीन साहित्य में वाक्शक्ति वाणी के चार भेद बताये गये हैं। साधारण मनुष्य अपने अन्तःकरण की शक्ति, प्राणों की शक्ति को बोलकर ही बिखेर देता है किन्तु साधक मौन रहकर उस शक्ति को आत्म-शक्ति के संवर्धन में उपयोग करते हैं और मौन द्वारा अपने भावों को अत्यधिक प्रभावकारी बना देते हैं। बिहार में के विधानसभा चुनाव की ही बात कीजिये। अनर्गल और जूठी वाणी बोलकर राजनेता लोगो से दूर होते जा रहे है। कांग्रेस नेता राहुल,प्रियंका और तेजस्वी जैसे नेता अनर्गल बयानबाजी करते नजर आए।राहुल ने तो बिहार चुनाव में जूठे आरोपो की झड़ी लगा दी। उनकी मन की शक्ति को कारण बिना ही बिखेरते नजर आए।मोदी और भाजपा पर असीमित आरोपो से उनके मन की शक्ति को अनायास बिखेरते नजर आए।कई बार चुनाव आयोग और सतारूढ़ सरकार पर आरोपो की झड़ी लगा दी। लेकिन मोदी पर और चुनाव आयोग पर लगाए जूठे आरोपो पर कभी भी मोदी में पलटवार नही किया। क्योकि मोदी जानते है कि जूठे लोगो के मुह नही लगकर वे अपने देश के विकास कार्यो में समय और शक्ति खर्च करने में अपनी देशभक्ति समझते है।लेकिन विपक्ष जूठे आरोप लगाकर उनको बदनाम करने की कोशिश करते है। मोदी कहते है वे नामदार है और मैं कामदार हूँ। मुझे तो 140 करोड़ लोगों की फिक्र है।लेकिन उनको पांच सात लोग अपने परिवार की चिंता है। बिहार में राहुल ने हरियाणा के नाम पर चुनाव आयोग को घेरा है। उससे कांग्रेस की बिहार में बुरी दशा होगी। मौन रहते तो शायद फायदा होता,लेकिन अब चिडिया चुग गई खेत वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। इसलिए कहा गया है कि मौन व्यक्तित्व को अधिक प्रभावशाली और अधिक लोकप्रिय बनाती है। जो जितना कम बोलता है उसकी वाणी उतनी ही अधिक प्रभावशाली होती है और लोग उसके संकेतों पर, उसके विचारों पर चलने को उद्यत हो जाते हैं। जब मौन टूटता है तो वाणी की शक्ति बिखर जाती है। चिन्तन-शक्ति भी बिखर जाती है और प्राण-शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है। मोदी की बात का प्रभाव इसलिए पड़ता है कि मोदी जूठे आरोप नही लगाते है,जैसे तेजस्वी और राहुल लगा रहे है।

कई बार देखा सुना है, मौनी साधक जब दीर्घकाल का मौन खोलते हैं तो उनका पहला शब्द, पहला मंगलपाठ, उनके मुख से निःसृत प्रथम वाणी कुछ अलग ही प्रभावकारी होती है। क्योंकि दीर्घकाल की संचित शक्ति उस वाणी से व्यक्त होती है, जिसका लाभ सुनने वालों को मिलता है। धीरे-धीरे उस मौन की चमत्कारी शक्ति क्षीण पड़ जाती है।

सोनिया गांधी जब तक चुप थी, अजेय थी। सर्वप्रिय थी और आलोचनाओं से बची थी। जब बोलने लगी है। उनकी क्या दशा बनी है यह हमारे सामने है। क्योकि सोनिया और राहुल आलोचनाओं से वह कैसे अपना बचाव कर सकते है।क्योंकि कोर्ट से जमानत पर है।

**कबीरदास जी का कहना है**

**वाद विवादे विष वर्धना, बोले बहुत उपाध।**
**मौन गहै सबकी सहे, सुमिरै नाम अगाध ॥**

बोलने से विवाद बढ़ता है। मौन से सबके साथ मित्रता बनी रहती है। मौन मनुष्य की सर्वप्रियता का एक अचूक साधन है। संस्कृत की सूक्ति है-मौनिनः कलहो नास्ति। मौन रहने वाला कलह से, कटुता से बचता रहता है। मौन एक रक्षा कवच है, ज्ञानियों का भी और मूर्खों का भी। ज्ञानी मौन रहता है, तो उसका वह गुण है, भूषण है और वह अपने सत्य व्रत की रक्षा कर सकता है। लोकप्रियता को बनाये रख सकता है। मूर्ख जब तक मौन रहता है, लोग उसे समझदार समझते हैं। मूर्खता का ढक्कन है मौन। मौन रहने से मन को ताजगी मिलती है। जैसे एक-दो घण्टा की नींद लेने से खोई हुई शक्ति वापस मिल जाती है। थकावट दूर होकर शरीर में ताजगी आ जाती है। उसी प्रकार मौन रहने से विचारों में, मन में ताजगी भर जाती है। विवेक में स्फूर्ति आ जाती है। वाणी में जोश आ जाता है।

बोलने में शक्ति का सर्वाधिक क्षय

मौन का अर्थ है,ऊर्जा के बिखराव को समेटना। अपनी भीतरी शक्ति को संगृहीत कर उच्च-स्तरीय पुरुषार्थ में, आत्म-अभ्युदय के श्रेष्ठ मार्ग में लगाना। एक घण्टा बोलने से जितनी शक्ति नष्ट होती है, उसे वापस प्राप्त करने में कई घण्टा लग जाते हैं। जैसे शरीर को शक्तिमान और बलवान बनाये रखने के लिए ब्रह्मचर्य की महिमा है। उसी प्रकार वाणी को प्रभावशाली बनाये रखने के लिए मौन-साधना का महत्त्व है। घण्टों की संचित शक्ति को क्षीण कर देता है। हम देखते है, अन्तिम समय में मरने से पहले मनुष्य की बोली बंद होती है। वह हाथों व आँखों के इशारे से अपना भाव जताने की चेष्टा करता है। मतलब यह है जब चेतना शक्ति क्षीण होने लगती है तो सबसे पहले वाणी की शक्ति क्षीण होती है। जन्मता बच्चा बोल नहीं पाता, परन्तु हाथ-पैर हिलाकर अपनी पीड़ा व हर्ष की अभिव्यक्ति करता है। सात-आठ महीने बाद बच्चा बोलने लगता है। परन्तु बाकी चेष्टाएँ जन्मते ही शुरू कर देता है। इसका मतलब है-बोलने में सबसे अधिक शक्ति लगानी पड़ती है। जबकि जीभ से सिर-हाथ कितना भारी होता है। अर्थात् इतना बड़ा सिर हिलाने में जितनी शक्ति लगती है उससे भी ज्यादा शक्ति खर्च होती है टके भर की जीभ हिलाने में।

मौन कभी भी दूसरों को हानि नहीं पहुँचा सकता, जबकि मनुष्य बोलकर समाज में कलह, विग्रह, विद्वेष, फूट और हिंसा को भड़काता है। दूसरों के दिलों में तीर चुभो सकता है। जितने दंगे, फसाद, खून-खराबा होता है, उनमें भड़कीले भाषण उत्तेजक शब्द ही ज्यादा काम करते हैं। पहले बोली चलती है फिर गोली चलती है।अण्डे देने के बाद मुर्गी यह मूर्खता करती है कि वह चहचहाने लगती है। उसकी चहचहाहट सुनकर डौम कौआ आ जाता है। वह उसके अण्डे छीन लेता है और जो वस्तुएँ उसने अपनी भावी सन्तान के खाने के लिए रखी थीं उन्हें भी वह चट कर जाता है। अगर वह चुप रहती तो इन दोनों आफतों से बच सकती थी।

## जीवन मंत्र

# सवाल मौत के बाद का नहीं, मौत से पहले जीने का है

**जिसने अपने जीवन को अर्थपूर्ण बना लिया, उसके लिए मृत्यु डर नहीं, बल्कि एक शांत परिवर्तन बन जाती है। ऐसा व्यक्ति अपने पीछे केवल स्मृतियाँ नहीं, बल्कि प्रेरणाएँ छोड़ जाता है। वह दूसरों के जीवन में उजाला बन जाता है, क्योंकि उसने खुद के जीवन को सच्चे अर्थों में "जीया" होता है।**

जीवन के सबसे गहरे और बुनियादी प्रश्नों में से एक को छूता है। यह केवल एक दार्शनिक विचार नहीं, बल्कि आत्मचेतना का आह्वान है। हम सब किसी न किसी रूप में मृत्यु से डरते हैं, पर बहुत कम लोग इस बात पर ध्यान देते हैं कि क्या वे वास्तव में "जी" भी रहे हैं। हम अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा भविष्य की चिंताओं और अतीत के पछतावों में बिताते हैं। इसी भागदौड़ में हम वर्तमान क्षण को जीना भूल जाते हैं। यह वाक्य हमें उसी खोए हुए वर्तमान में लौटने की प्रेरणा देता है — जहाँ जीवन अपनी सच्ची चमक में बसता है। जीवन का असली अर्थ सांस लेना या कार्य करते रहना नहीं है। जीवन का अर्थ है — हर क्षण को पूर्णता से अनुभव करना, महसूस करना, और उसमें अर्थ खोजना। लेकिन अधिकतर लोग ऐसा नहीं करते। वे केवल दिनचर्या के गुलाम बन जाते हैं — सुबह उठना, काम पर जाना, तनाव झेलना और रात को थके हुए सो जाना। यह एक जीवित शरीर का जीवन है, लेकिन जीवंत आत्मा का नहीं। जो व्यक्ति अपनी भावनाओं, अपने सपनों और अपने अनुभवों को गहराई से नहीं जीता, वह भले ही जीवित हो, पर भीतर से "मृत" जैसा हो जाता है। यही कारण है कि यह वाक्य हमें चुनौती देता है —



"क्या तुम वास्तव में जीवित हो?" जब कोई व्यक्ति सच्चे अर्थों में जीना शुरू करता है, तो उसका जीवन बदल जाता है। वह छोटी-छोटी बातों में भी आनंद खोजने लगता है — सूरज की किरणों में, किसी बच्चे की मुस्कान में, अपने काम के प्रति समर्पण में, और अपने प्रियजनों की उपस्थिति में। उसे समझ आता है कि जीवन का अर्थ बाहरी सफलता या प्रसिद्धि में नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष में है। जब व्यक्ति अपने भीतर झाँकना सीखता है, तो उसे पता चलता है कि खुशी कहीं बाहर नहीं, बल्कि उसी के भीतर छिपी है। यही जागरूकता उसे सच्चा जीवन देती है — ऐसा जीवन, जो मृत्यु से परे भी अर्थपूर्ण लगता है।

मृत्यु का भय तब कम हो जाता है जब व्यक्ति यह समझ लेता है कि मृत्यु केवल शरीर की समाप्ति है, आत्मा की नहीं। लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति अपनी हर साँस को प्रेम, साहस और सृजन से भर दे। जिसने अपने जीवन को अर्थपूर्ण बना लिया, उसके लिए मृत्यु डर नहीं, बल्कि एक शांत परिवर्तन बन जाती है। ऐसा व्यक्ति अपने पीछे केवल स्मृतियाँ नहीं, बल्कि प्रेरणाएँ छोड़ जाता है। वह दूसरों के जीवन में उजाला बन जाता है, क्योंकि उसने खुद के जीवन को सच्चे अर्थों में "जीया" होता है।

आख़िर में, यह वाक्य एक गहरी चेतावनी और प्रेरणा दोनों है। यह कहता है — "मृत्यु तो निश्चित है, लेकिन जीवन को व्यर्थ करना तुम्हारे हाथ में है।" इसलिए डर में नहीं, प्रेम में जियो; जल्दबाज़ी में नहीं, सजगता में जियो; और सबसे बढ़कर, अपने सच्चे अस्तित्व को पहचानो।

## जीवन ऊर्जा


इवान तुर्गेनेव : जन्म- 9 नवंबर 1818 | जन्म

# हर इंसान अनिश्चित है, फिर भी जीवन खुद कठिन करता है

इवान सर्गेयेविच तुर्गनेव (जन्मः 9 नवंबर 1818 – निधनः 3 सितंबर 1883 ) एक प्रसिद्ध रूसी उपन्यासकार, लघु कथाकार, कवि, नाटककार और अनुवादक थे। उन्होंने साहित्य को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तुर्गनेव अपनी गहन मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक यथार्थ और मनोवैज्ञानिक अंतर्दृष्टि के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके लेखन में रूसी समाज के बदलते मूल्यों, परंपराओं और आधुनिकता के संघर्ष की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

किसी भी पल उसके पैरों के नीचे की ज़मीन खिसक सकती है, यानी जीवन का अंत या कोई बड़ा संकट अचानक आ सकता है। फिर भी, मनुष्य इस अस्थिरता को भूलकर स्वयं अपने लिए दुख, चिंता और समस्याएँ पैदा करता है। यह वाक्य हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि जब जीवन इतना नाजुक और क्षणभंगुर है, तो हम इसे इतना जटिल क्यों बना लेते हैं।

मनुष्य की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वह अस्थायी जीवन में स्थायित्व खोजता है। वह जानता है कि उसका नियंत्रण सीमित है, फिर भी वह हर चीज़ को अपने अनुसार चलाने की कोशिश करता है। इसी प्रयास में वह अपेक्षाएँ, इच्छाएँ और अहंकार पाल लेता है, जो अंततः उसके दुख का कारण बनते हैं।



यह वाक्य इसी सच्चाई की ओर इशारा करता है कि हमारी परेशानियाँ अधिकतर बाहरी परिस्थितियों से नहीं, बल्कि हमारी अपनी सोच और असंतोष से उत्पन्न होती हैं। जीवन की अनिश्चितता को स्वीकार करना, वास्तव में एक तरह की मुक्ति है। जब व्यक्ति समझ लेता है कि सब कुछ उसके बस में नहीं, तो वह नियंत्रण के भ्रम से बाहर निकल आता है। ऐसा व्यक्ति जीवन को अधिक सहजता और शांति से जीता है, क्योंकि उसे पता होता है कि हर क्षण अनमोल है और कोई भी पल आख़िरी हो सकता है। इसलिए वह शिकायतों के बजाय आभार में जीना सीखता है।

इसके विपरीत, जो लोग हर समय भविष्य की चिंता में डूबे रहते हैं या दूसरों से अपनी तुलना करते हैं, वे वर्तमान का आनंद खो देते हैं। वे जीवन के वास्तविक अर्थ से दूर चले जाते हैं। यह वाक्य हमें चेतावनी देता है कि इसे और कठिन नहीं बनाना चाहिए। बल्कि, हमें सरलता, समझदारी और कृतज्ञता के साथ जीना चाहिए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# कर्म यात्राः संकल्प से सफलता तक


मनुष्य का जीवन कर्मों की बुनियाद पर टिका होता है। उसके कर्म ही उसके भाग्य, चरित्र और सफलता का निर्धारण करते हैं। हर व्यक्ति जीवन में निरंतर कर्म करता है, परंतु उन कर्मों की भावना ही उसके जीवन की दिशा तय करती है। कर्म दो प्रकार के होते हैं — सकाम और निष्काम। जहाँ सकाम कर्म फल की इच्छा से प्रेरित होते हैं, वहीं निष्काम कर्म केवल कर्तव्य और सेवा की भावना से किए जाते हैं। निष्काम भाव ही जीवन को सच्ची शांति और संतुलन प्रदान करता है। यही भाव मनुष्य को आंतरिक दृढ़ता और आध्यात्मिक ऊँचाई की ओर ले जाता है, क्योंकि जब व्यक्ति अपने कर्म को ईश्वरार्पण की भावना से करता है, तो उसके भीतर से भय, संदेह और असुरक्षा समाप्त हो जाती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556


सकाम कर्म इच्छा और अपेक्षा से प्रेरित होते हैं। ऐसा व्यक्ति प्रयास तो करता है, लेकिन उसकी मेहनत का केंद्र उसका स्वार्थ या व्यक्तिगत लाभ होता है। सफलता मिलने पर वह आनंदित होता है, पर असफलता उसे दुखी कर देती है। उसकी खुशी परिणाम पर निर्भर करती है, जिससे वह निरंतर अस्थिरता और चिंता में जीता है। इस प्रकार के कर्म व्यक्ति को मोह और निराशा के जाल में बाँध देते हैं, जहाँ सुख क्षणिक और असफलता स्थायी पीड़ा बन जाती है। ऐसे लोग अक्सर बाहरी उपलब्धियों को ही जीवन की सफलता समझते हैं, लेकिन भीतर से वे खाली और असंतुष्ट बने रहते हैं। क्योंकि उनकी संतुष्टि बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर करती है, जो क्षणभर में बदल सकती हैं।

इसके विपरीत, निष्काम कर्म व्यक्ति को आत्मिक स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। ऐसा व्यक्ति अपने कर्म को उपासना के समान मानता है — जहाँ उद्देश्य केवल कर्तव्य का पालन होता है, परिणाम की चिंता नहीं। उसे यह विश्वास रहता है कि फल का निर्णय ईश्वर या प्रकृति के हाथ में है। इस दृष्टिकोण से व्यक्ति सफलता और असफलता दोनों में शांत, धैर्यवान और विनम्र बना रहता है। यही संतुलन उसे सच्चा कर्मयोगी बनाता है। ऐसा कर्मयोगी अपने भीतर स्थित शांति के स्रोत को पहचान लेता है और वही शांति उसके व्यक्तित्व में झलकती है। उसका हर कार्य दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाता है। वह जानता है कि कर्म ही पूजा है, और कर्म ही मोक्ष का मार्ग है।



निष्काम कर्म से मनुष्य के भीतर न केवल आत्मबल और धैर्य बढ़ता है, बल्कि उसमें सेवा और समर्पण की भावना भी जागृत होती है। वह अपने कार्यों को केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय कल्याण से जोड़ता है। *भगवद्गीता* का यह अमर संदेश — "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" — इसी निष्काम कर्म की सार्थकता को दर्शाता है। जब व्यक्ति इस भाव से कर्म करता है, तो उसका हर कार्य ईश्वरीय योजना का हिस्सा बन जाता है। वह किसी उपलब्धि या प्रशंसा की प्रतीक्षा नहीं करता, बल्कि कर्म को ही अपना पुरस्कार मान लेता है। यही दृष्टिकोण मनुष्य को भीतर से मुक्त और बाहर से कर्मशील बनाता है।

## अपने विचार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अधिकारियों से गुप्त रूप से मिलते हैं। लिफ्टों में लगे सीसीटीवी कैमरों को कागज से सील कर दिया जाता है। जब भी गृह मंत्री पटना आते हैं, होटल की लिफ्ट में लगे सीसीटीवी कैमरों पर कागज चिपका दिया जाता है। गृह मंत्री गुप्त रूप से अधिकारियों से मिल रहे हैं। सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है।

**-पवन खेड़ा** ,कांग्रेस नेता



जहाँ सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा दे रही है, वहीं हमारी बेटियों का अपमान हो रहा है. बार-बार मुसलमानों का नाम लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करना,डुमरियागंज की गंगा-जमुनी तहज़ीब पर हमला है।

**-सैय्यदा ख़ातून**, विधायक



पहले चरण की हुई बंपर वोटिंग से एक चीज स्पष्ट है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व और पीएम मोदी के आशीर्वाद से एनडीए भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व और अमित शाह की रणनीति से जो बिहार का माहौल बना है, वह एनडीए के पक्ष में है।

**-शाहनवाज हुसैन**, बीजेपी नेता



'नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी कट्टा, गोली, फिरौती, रंगदारी जैसी बातें करते हैं, इनका स्तर इतना नीचे गिर चुका है. ऐसी हिंसक बातें देश की जनता का मजाक उड़ाना है।

**-प्रियंका गांधी**, कांग्रेस महासचिव

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
**indiagroundreport@gmail.com**
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### जिला स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न



**ठाणे।** खेल एवं युवा सेवा निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे, जिला क्रीड़ा परिषद, जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय ठाणे और बी.एन. बंदोदकर विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ठाणे जिला स्तरीय युवा महोत्सव उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल के हाथों हुआ। इस अवसर पर जिले के विभिन्न भागों से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर अपनी कला, संस्कृति और साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं के सर्वांगीण विकास, भारतीय संस्कृति और परंपरा के संरक्षण, तथा राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने का रहा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार हर वर्ष इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास करता है। कार्यक्रम में बोलते हुए अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल ने कहा कि "नई पीढ़ी की ऊर्जा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता ही जिले के समग्र विकास की दिशा तय करने वाली शक्तियाँ हैं।" महोत्सव में महाविद्यालय की प्राचार्य विंदा मंजारामकर, जोशी बेडेकर महाविद्यालय की डॉ. सुचित्रा नाइक, और जिला क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बार्टक्के समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा आयोजन युवाओं की कलात्मकता, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को निखारने का उत्तम अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल के मार्गदर्शन और जिला क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बार्टक्के की पहल पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### साइकिल यात्रा के माध्यम से एचआईवी-एड्स जागरूकता संदेश



**ठाणे।** जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण प्रकोष्ठ, जिला सामान्य अस्पताल ठाणे और साइकिल प्रेमी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं में एचआईवी-एड्स और सिफलिस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में 5 वर्ष से 77 वर्ष की आयु तक के 287 साइकिल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह गणमान्य व्यक्तियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा की शुरुआत की गई, जिसने शहर में स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश फैलाया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने कहा कि पहले एचआईवी और एड्स के नाम से लोग डर जाते थे, लेकिन अब जनजागृति के कारण यह डर खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि "एचआईवी पॉजिटिव और एड्स में अंतर समझना जरूरी है, क्योंकि गलतफहमी ही सबसे बड़ी बाधा है।" डॉ. पवार ने युवाओं से कहा कि "फिटनेस ही जीवन की असली पूंजी है, और साइकिलिंग जैसे शारीरिक व्यायाम से हम एक स्वस्थ समाज बना सकते हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है, उसी तरह साइकिलिंग और स्वास्थ्य अभियानों में भी महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में सतीश प्रधान ज्ञान साधना महाविद्यालय के अध्यक्ष कमलेश प्रधान को हाल ही में सफलतापूर्वक पूरी की गई कैलाश-मानस सरोवर यात्रा और कैलाश पर्वत परिक्रमा के लिए सम्मानित किया गया।

# वरिष्ठ नागरिक केंद्र का हुआ उद्घाटन

### परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया शुभारंभ

विनय दूबे । भाईंदर

मीरा भाईंदर शहर के नवनिर्मित कला केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने वरिष्ठ नागरिक केंद्र का उद्घाटन किया। भाईंदर (पूर्व) के गोल्डन नेस्ट नाके के पास स्थित हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे कला केंद्र की इमारत में तैयार यह वरिष्ठ नागरिक केंद्र बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगा। मंत्री प्रताप सरनाईक द्वारा परिकल्पित और कार्यान्वित यह अनोखा केंद्र वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

### मनोरंजन और स्वास्थ्य सुविधाओं का संगम



वरिष्ठ नागरिक केंद्र में मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं — मानसिक कौशल और एकाग्रता के लिए शतरंज, साँप-सीढ़ी, लूडो जैसे खेल, पुराने जमाने के मधुर गीतों का संग्रह और इतिहास का दृश्य प्रदर्शन। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य जानकारी और व्यायाम संबंधी मार्गदर्शन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

### जीवन में फिर लौटेगी मुस्कान

मंत्री सरनाईक ने आशा व्यक्त की कि इस केंद्र में समय बिताकर हमारे वरिष्ठ नागरिक एक बार फिर अपने बचपन की यादों में लौटकर जीवन का आनंद उठाएंगे। उन्होंने इस पहल से जुड़े सभी सहयोगियों को बधाई दी और केंद्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान पर जोर

अपने संबोधन में मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि शहर के समग्र विकास के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सम्मान हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। नवनिर्मित यह केंद्र न केवल बुजुर्गों को सुरक्षित और आनंददायक वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें समाज में सक्रिय और जुड़े रहने का अवसर भी देगा।

# अंबरनाथ शिवसेना में एकता बरकरार: गोपाल लांडगे

डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ



शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने स्पष्ट किया है कि अंबरनाथ शिवसेना में कोई मतभेद या फूट नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आगामी नगरपालिका चुनाव में शिवसेना निर्विवाद रूप से सत्ता में आएगी। लांडगे ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि महापौर पद के उम्मीदवार की घोषणा करते समय भाजपा ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया, जिससे यह साबित होता है कि भाजपा को केवल सत्ता की लालसा है। अंबरनाथ तालुका के सोनवली गांव में पूर्व उपमहापौर और शिवसेना प्रदेश सिंधी संयोजक जया मोहन साधवानी की माता मातोश्री माहेश्वरी उदासी के नाम पर बने माहेश्वरी वृद्धाश्रम का उद्घाटन जिला प्रमुख गोपाल लांडगे के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी, शिवसेना प्रवक्ता किरण सोनावणे, कल्याण के मुस्लिम धर्मगुरु अब्दुल बाबा, उद्योगपति राजा गेमनानी, वरिष्ठ पत्रकार राजू गायकवाड़, रामेश्वर गवई, संजय राजगुरु, सुरेश चव्हाण, और शिवसेना की मनीषा भानुशाली सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। लांडगे ने कहा कि अंबरनाथ नगर पालिका चुनाव में शिवसेना के सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट हैं, और पार्टी की ताकत आने वाले चुनावों में स्पष्ट दिखाई देगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी बैंकों की समीक्षा बैठक संपन्न

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



जिले के सभी बैंकों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, जिला उद्योग केंद्र, आरएसईटीआई, तथा विभिन्न बैंकों और सरकारी निगमों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### वार्षिक ऋण योजना और सरकारी योजनाओं पर चर्चा

बैठक में जिलाधिकारी डॉ. पांचाल ने ठाणे जिले के सभी बैंकों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की। चर्चा का मुख्य केंद्र वार्षिक ऋण योजना (ACP) 2025-26, तथा सरकारी प्रायोजित योजनाएँ जैसे — पीएमईजीपी, सीएमईजीपी, पीएम विश्वकर्मा, पीएमएफएमई, स्टैंड-अप इंडिया और मुद्रा योजना रहीं। इसके साथ ही वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, और अटल पेंशन योजना (APY) की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पीएम स्वनिधि योजना, आरएसईटीआई और एफएलसी के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ डीएफएस और आरबीआई द्वारा चलाए जा रहे निष्क्रिय जमाओं पर जनजागरूकता अभियान पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. पांचाल ने सभी बैंकों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण के लक्ष्यों को पूरा करने, और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुँचाने के निर्देश दिए।

# बविआ-उबाठा के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

ओपी यादव । वसई

'पहले राष्ट्र, फिर पार्टी और अंत में स्वयं' की विचारधारा को आत्मसात करते हुए बहुजन विकास आघाड़ी (बविआ) और शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रमुख पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। यह पक्ष प्रवेश समारोह मुंबई के नरीमन पॉइंट स्थित भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने सभी नए कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया।



### कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा महाराष्ट्र महासचिव माधवीताई नाईक, भाजपा वसई-विरार शहर जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र म्हात्रे, जिला सचिव नंदकुमार महाजन, वालीव मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत वाघमारे, महाराज मिश्रा और विकास बरणवाल समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने कहा कि इस पक्ष प्रवेश से वसई क्षेत्र में भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और भी मजबूत हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी वसई-विरार महानगरपालिका चुनावों में भाजपा को इस जनसमर्थन का बड़ा लाभ मिलेगा।

### भाजपा नेतृत्व की मौजूदगी में हुआ पक्ष प्रवेश

यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व तथा वसई विधानसभा की विधायक स्नेहा दुबे पंडित के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वसई और बोईसर विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

### प्रमुख पदाधिकारी हुए भाजपा में शामिल

भाजपा में शामिल होने वालों में बहुजन विकास आघाड़ी की पूर्व नगरसेविका शकुंतला नागेश शेलके, शिवाभीमनगर, वालीव युवा अध्यक्ष गणेश गजानन धुमाल, और श्री साईं चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष नागेश शेलके जैसी प्रमुख हस्तियाँ शामिल थीं। इनके साथ ही बविआ और उद्धव गुट के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने सोलापुर मंडल का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता । सोलापुर

मध्य रेलवे के महाप्रबंधक विजय कुमार ने सोलापुर रेलवे मंडल के प्रमुख स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचा विकास, यात्री सेवाएं, कोचिंग सुविधाओं और भविष्य में विस्तार होने वाले कार्यों की समीक्षा करना था। यह रेलवे की संचालन क्षमता और यात्री सेवा सुधारने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### निरीक्षण के प्रमुख बिंदु

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कई स्थानों का दौरा किया। उन्होंने वाडी-शहाबाद के बीच चल रहे कार्यों और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। हिरेनंदुरू में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। कलबुर्गी में नियोजित कोचिंग सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। टिकेकरवाड़ी में भविष्य की परिवहन मांगों को ध्यान में रखते हुए कोचिंग कॉम्प्लेक्स और उसके मास्टर प्लान का जायजा लिया गया। होटगी में अल्ट्राटेक सीमेंट साइडिंग का निरीक्षण किया गया, जबकि बाले स्टेशन पर प्रस्तावित माल ढुलाई शेड साइट का दौरा किया गया। अंत में सोलापुर कोचिंग डिपो की सुविधाओं और यात्री सेवा ढांचे का मूल्यांकन किया गया।



### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

महाप्रबंधक के साथ प्रधान मुख्य अभियंता (PCE), प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता (PCME), मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक (CPTM), सोलापुर के मंडल रेल प्रबंधक (DRM) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

### अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

निरीक्षण के बाद विजय कुमार ने सोलापुर मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आने वाले विकासात्मक उपक्रमों के लिए दिशा-निर्देश दिए। उनके निर्देशों का मुख्य केंद्र सुरक्षा, कार्यकुशलता, बुनियादी ढांचा विकास, यात्री अनुभव में सुधार और कर्मचारी कल्याण पर रहा।

# शाश्वत विकास के लिए 7-कदम योजना प्रभावी रूप से लागू

डीबीडी संवाददाता । कल्याण



बदलते मौसम और पर्यावरणीय असंतुलन से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) ने सात मुख्य मुद्दों पर प्रभावी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी केडीएमसी आयुक्त अभिनव गोयल ने आचार्य प्रल्हाद केशव अत्रे रंगमंदिर में आयोजित "शाश्वत और सुरक्षित शहर" विषयक चर्चासत्र में दी।

### सात प्रमुख पर्यावरणीय पहल और नागरिक सहभागिता

आयुक्त गोयल ने बताया कि अतिरिक्त शहर अभियंता प्रशांत भागवत के समन्वय में तैयार इस कार्यक्रम में कचरा प्रबंधन, सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, सीवेज पुन: उपयोग, वृक्षारोपण, विद्युत सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा — ये सात प्रमुख पहल शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा, "इन विषयों पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर हाउसिंग सोसायटी स्तर पर छोटी समितियाँ बनाई जाएँगी, जो निवासियों में जागरूकता फैलाकर इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाएँगी।" आयुक्त गोयल ने यह भी बताया कि जो सोसायटियाँ इन योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन करेंगी, उन्हें संपत्ति कर में रियायत और अन्य प्रोत्साहन देने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से पूरा शहर बदल सकता है," और प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।कार्यक्रम में उपआयुक्त रामदास कोकरे, अतिरिक्त शहर अभियंता प्रशांत भागवत, मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय लाभप्रद रहेगा, नई योजनाएं बनेंगी। रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा सफल रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी, प्रसन्नता रहेगी। स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास

**वृष** जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार होगा। उपहार मिल सकता है। संतान की चिंता दूर होगी। अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन** अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे।

**कर्क** दूसरों पर विश्वास हानि देगा। कार्य में बाधा होगी। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहेगी। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। दूसरों की नकल न करें। चोट व रोग से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी।

**सिंह** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्यों में विलंब से चिंता होगी। मानसिक उद्विग्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन संतोषप्रद रहेगा।

**कन्या** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी।

**तुला** वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रोजगार बढ़ेगा। सतर्कता से कार्य करें। संतान के व्यवहार से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। आर्थिक तंगी रहेगी।

**वृश्चिक** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**धनु** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर** निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी। कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। रोमांस में सफलता मिलेगी, आपसी संबंधों को महत्व दें। पूंजी संचय की बात बनेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**मीन** मेहनत अधिक होगी। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। विवाद से बचें।

# मार्केश ज्योतिष शास्त्र मै क्या होता है, इसका निवारण कैसे होगा

मारकेश अर्थात मारक भाव का अधिपति ग्रह। कुण्डली के दो भावों को मारक कहा गया है, वह है दूसरा भाव और सातवां भाव। इन भावों में जो राशि होती है उसी के अधिपति को मारकेश कहा गया है। और प्रबल मार्केश को देखना हो तो 2,3,6,7,8,11,12 के स्वामी का भी अध्ययन करना चाहिए।

अब जीवन है तो मृत्यु भी है, इसीलिये कोई न कोई भाव और कोई न कोई ग्रह जरूर होगा मृत्यु का कारक। इस कारण से सभी जातकों की कुंडलियों में मारक होता ही है।

अब समझना यह है कि कुंडली में केवल बारह भाव है जिनके केवल 7 अधिपति है। जीवन की गहराई को देखते हुए यह विदित है कि एक भाव और एक ग्रह एक से ज्यादा पहलुओं का कारक होता है। इसी श्रेणी में मारकेश भी हमेशा मारक न




प्रियंका जैन
9769994439

होकर जीवन के अन्य दुसरे पहलू के भी अधिपति होते है। जैसे दुसरे भाव का स्वामी ने केवल मारकेश है, अपितु आप के परिवार, घर से प्राप्त संस्कार, वसीहत में मिला धन और सम्पदा, शास्त्र ज्ञान आदि का भी स्वामी है। इसी तरह सप्तम भाव का स्वामी भी मारकेश के साथ साथ आपकी पत्नी-पति, वैवाहिक सुख, व्यवसाय, आपका छुपा हुआ व्यक्तित्व आदि का भी स्वामी है।

अब प्रश्न यह उठता है कि कब कोई गृह मारकेश बनता है और कब वह दुसरे कार्यो का कारक बनता है। इसके लिए आपको दशा अंतर्दशा के नियम, और गोचर का ज्ञान होना अनिवार्य है। योगकारक, मित्र ग्रह, शुभ ग्रहों के दशा अंतर्दशा में आने से ग्रह शुभ फल देते है, लेकिन अशुभ ग्रहों, शत्रु ग्रहों, संबंधी मारकेश ग्रहों के आने से मृत्यु तुल्य कष्ट देते है।

( प्रतिदिन पंचांग प्राप्ति के लिए, दैनिक राशिफल प्राप्ति के लिए, आध्यात्मिक कथाएं पढ़ने के लिए और ज्योतिष संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारे चैनल को फॉलो करें)

गोचर में भी जो ग्रह 64वें नवांश, या 22वें द्रेशकोण के ऊपर से जा रहा होता है, या अष्टम भाव या तृतिया भाव या उनके स्वामी से सम्बन्ध बना रहा होता है, या 6,8,12 भावों या उनके स्वामी से सम्बन्ध बना रहा होता है, वह ग्रह भी अगर उस समय दशा अंतर्दशा के स्वामी से सम्बन्ध बनाते है तो मृत्यु तुल्य कष्ट देते है।

यह विदित होना चाहिए की मृत्यु का अर्थ केवल जीवन का अंत नहीं है। वैदिक शास्त्रों में अष्ट-मृत्यु का वर्णन है, जो इंसान के लिए मृत्यु तुल्य ही है जिसमे भीषण दरिद्र होना, भीषण बिमारी, सामाजिक रूप से मान प्रतिष्ठा का भंग होना आदि भी मृत्यु ही माना गया है। इसीलिये मारकेश की दशा अंतर्दशा इन अष्ट-मृत्यु में से कोई भी दे सकती है। इसी को मृत्यु-तुल्य कष्ट कहते है।

इनके निवारण के लिये ग्रहों का ज्ञान होना आवश्यक है, कोई भी एक उपाय सभी के लिए नहीं होता। फिर भी मारकेश की दशा-अंतर्दशा में शान्ति मन्त्रों का पाठ, गायत्री मंत्र का पाठ, और भीषण बिमारी अथवा मृत्यु शय्या पर होने से महामृत्युंजय मंत्र का जाप फलदायी कहा गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### संगमनगरी में अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज जिले में खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला मोहल्ले में शनिवार सुबह एक अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हत्या करने वाला युवक का दोस्त वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि फतेहपुर जिले बिन्दकी निवासी मोहम्मद सिराज उर्फ मोछा 45 वर्ष शहर के खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला मोहल्ले में बीते कुछ दिनों से रह रहा था। उसके दोस्त अयाज ने शनिवार सुबह चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। वारदात की सूचना पर खुल्दाबाद थाने की पुलिस टीम पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची है। पुलिस टीम हत्या की वजह पता करने के लिए पूछताछ कर रही है। इस संबंध में मृतक के परिवार से तहरीर लेकर हत्या का मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की टीमें वारदात को अंजाम देकर फरार हुए युवक की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

### खड़े कैंटर में घुसी कार, चार युवकों की मौत

**शामली।** उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में पानीपत–खटीमा हाईवे पर बुटराडा फ्लाईओवर के पास शुक्रवार देर रात दुर्घटना में कार सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, इनमें एक युवक की रविवार को शादी है। बाबरी थाना पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी संतोष कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान परमजीत, साहिल, विवेक और आशीष के रूप में हुई है। परिजनों से पता चला है कि परमजीत की नौ नवंबर को शादी है, जिसकी तैयारियां चल रही थी। चारों ने शादी से पहले गंगा स्नान का प्लान बनाया। साहिल अपने दादा अर्जुन सिंह की कार लेकर चारों शुक्रवार शाम को ही हरिद्वार के लिए निकले थे। देर रात को बेकाबू होकर कार सड़क किनारे खड़े कैंटर में जा घुसी और हादसे में चारों युवकों की मौत हो गई। एएसपी ने बताया कि घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल कार में फंसे शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम भेजा। कार के अंदर से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि कार सवार युवक नशे में थे।

### बीकॉम के छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

**गौतमबुद्ध नगर।** थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला गांव में रहने वाले बीकॉम के छात्र ने मानसिक तनाव के चलते देशी तमंचे से खुद को गोली मार लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि छपरौला गांव स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले आकाश गिरी (20) पुत्र प्रमोद गिरी बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र था। उसने खुद को आज अपने घर में ही गोली मार लिया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इंजीनियरिंग का नायाब नमूना होगा 'सिग्नेचर ब्रिज'

**एजेंसी | वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देश के पहले चार रेल लाइनों वाले डबल-डेकर रेल-सह-सड़क पुल के निर्माण को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। गंगा नदी पर बनने वाला यह अत्याधुनिक पुल वाराणसी की पहचान बनने जा रहा है, जिसे 'सिग्नेचर ब्रिज' नाम दिया गया है। इसके निर्माण से वाराणसी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) के बीच रेल और सड़क दोनों प्रकार की कनेक्टिविटी और तेज होगी। शनिवार को केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाराणसी में पत्रकारों को इस परियोजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 2,642 करोड़ रुपये आंकी गई है और इसे 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



#### नीचे रेलवे ट्रैक, ऊपर सिक्स लेन हाईवे

मंत्री ने बताया कि इस पुल की नींव नदी तल से 120 फीट नीचे तक होगी। डबल–डेकर डिजाइन में निचले हिस्से पर चार रेलवे ट्रैक और ऊपरी हिस्से पर छह लेन का हाईवे मार्ग बनाया जाएगा। यह भारत का पहला ऐसा पुल होगा जिस पर एक साथ चार रेल लाइनें चलेंगी। यह पुल वर्तमान मालवीय पुल (राजघाट पुल) के समानांतर, लगभग 50 मीटर दूरी पर नमो घाट के पास बनाया जाएगा और काशी रेलवे स्टेशन को सीधे जोड़ेगा। इसके निर्माण से न केवल शहर के भीतर यातायात सुगम होगा, बल्कि पूर्वी भारत — विशेषकर पश्चिम बंगाल — की ओर जाने वाले मार्ग पर भी यात्रा समय और ईंधन की बचत होगी।

#### जाम की समस्या से भी मिलेगी निजात

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि सिग्नेचर ब्रिज के साथ शहर के अंदरूनी यातायात को सुचारु करने के लिए कई नवाचार योजनाएं भी लागू की जा रही हैं। नए पुल से वाहनों को सीधे जंक्शन पर उतारने के बजाय आगे ले जाकर निकासी दी जाएगी, जिससे जाम की समस्या से राहत मिलेगी। इसके अलावा, स्टेशन क्षेत्र में तीन नए मार्गों से प्रवेश और निकास की व्यवस्था की जा रही है।

#### ट्रेन के लिए बन रहा एक नया टर्मिनल

उन्होंने बताया कि कैंट स्टेशन पर पूर्वोत्तर दिशा से आने वाली ट्रेनों के लिए एक नया टर्मिनल तैयार किया जा रहा है, जबकि आंध्रा पुल की पुरानी समस्या को खत्म करने के लिए बड़ा फ्लाईओवर बनाया जाएगा। स्थानीय मांग को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री ने काशी सिटी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की भी घोषणा की।

## बस्तर में NIA की रेड: 12 ठिकानों पर एक साथ तलाशी

**एजेंसी | जगदलपुर/रायपुर**

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को एक व्यापक तलाशी अभियान चलाते हुए 12 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई 2023 में अरनपुर में हुए आईईडी विस्फोट और माओवादी हमले से संबंधित जांच के सिलसिले में की गई है। एनआईए के अनुसार, जिन संदिग्धों के परिसरों पर छापे मारे गए, वे प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के सक्रिय कैडरों से संपर्क में थे। तलाशी के दौरान एजेंसी को कई अहम सबूत मिले हैं, जिनमें नकदी, माओवादी साहित्य, लेवी वसूली से संबंधित दस्तावेज, हस्तलिखित पत्र और डिजिटल उपकरण शामिल हैं। यह मामला 26 अप्रैल 2023 को दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के पेद्का गांव के पास हुए हमले से जुड़ा है, जिसमें दरभा डिवीजन कमेटी के माओवादियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाया था। इस हमले में कई जवान शहीद हुए थे। एनआईए ने मामले की जांच संभालने के बाद



अब तक 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया है और दो आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में धनेंद्र राम ध्रुव उर्फ गुरुजी और रामस्वरूप मरकाम जैसे नाम शामिल हैं, जिन्हें माओवादियों का सहयोगी माना जा रहा है। एनआईए के मुताबिक, ये आरोपी आईईडी विस्फोट के लिए जरूरी सामग्री और रसद जुटाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। एजेंसी ने यह भी बताया कि इन दोनों की संलिप्तता 17 नवम्बर 2023 को गरियाबंद जिले के बड़ेगोबरा गांव में हुए एक अन्य विस्फोट में भी सामने आई है। उस घटना में मतदान दल और सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया गया था, जिसमें आईटीबीपी की 615 एडहॉक बटालियन के एक हेड कांस्टेबल वीरगति को प्राप्त हुए थे।

## उत्तराखंड में पर्यटन क्षेत्र में 1200 करोड़ का निवेश

**एजेंसी | देहरादून**

राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं के तेजी से विस्तार के साथ निजी निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा है। नई पर्यटन नीति 2023–30 लागू होने के बाद राज्य में करीब 1200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में निजी पूंजी निवेश प्रारंभ हो चुका है। राज्य की रजत जयंती के अवसर पर पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 में जहां 110.79 लाख घरेलू और 56,766 विदेशी पर्यटक उत्तराखंड आए थे, वहीं वर्ष 2024 तक यह संख्या बढ़कर 596 लाख पहुंच गई है। वर्ष 2000 में चारधाम और हेमकुंड यात्राओं में 16 लाख से अधिक श्रद्धालु आए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या 59 लाख से ऊपर पहुंच गई है। महाराज ने कहा कि 2013 की केदारनाथ आपदा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने 225 करोड़ रुपये के पुनर्निर्माण कार्य संपन्न किए हैं, जबकि 191 करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। इसी प्रकार बदरीनाथ धाम को "स्मार्ट स्पिरिचुअल हिल टाउन" के रूप में विकसित करने के लिए 273 करोड़ रुपये के सीएसआर फंड से कार्य किए जा रहे हैं। दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास योजना के तहत 15 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना से अब तक 1118 लोग लाभान्वित हुए हैं।

## 11 नवंबर तक के लिए नेपाल से आवाजाही बंद

**एजेंसी | पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए भारत-नेपाल सीमा को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। नौ नवंबर की सुबह से लेकर 11 नवंबर की शाम छह बजे तक सीमा पर आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क मोड पर रखा गया है। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को निर्धारित है। बिहार की 729 किलोमीटर लंबी नेपाल सीमा से सटे जिलों — पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज — में सुरक्षा व्यवस्था और गश्त को कड़ा किया गया है।

#### ट्रेन सेवा भी तीन दिन के लिए स्थगित



मधुबनी जिले के जयनगर से जनकपुर (नेपाल) के बीच चलने वाली यात्री ट्रेन सेवा भी तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई है। पूर्व मध्य रेल (हाजीपुर) द्वारा नेपाल रेलवे प्रशासन को इस संबंध में औपचारिक सूचना भेजी गई है। जयनगर रेलवे स्टेशन अधीक्षक एस.एल. मीणा ने बताया कि मंगलवार तक ट्रेन सेवाएं बंद रहेंगी और बुधवार से नियमित परिचालन पुनः शुरू होगा।

#### 90 से अधिक नाकों पर एसएसबी तैनात

अररिया जिले में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान संयुक्त रूप से रात–दिन गश्त कर रहे हैं। जिले के 90 से अधिक नाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। एसएसबी की 48वीं बटालियन ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि मतदान अवधि में नेपाल की ट्रेनों का संचालन पूरी तरह रोका जाए ताकि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या सीमा पार से हस्तक्षेप न हो सके।

#### मतदान के बाद शुरू हो जाएगी आवाजाही

उन्होंने बताया कि कैंट स्टेशन पर पूर्वोत्तर दिशा से आने वाली ट्रेनों के लिए एक नया टर्मिनल तैयार किया जा रहा है, जबकि आंध्रा पुल की पुरानी समस्या को खत्म करने के लिए बड़ा फ्लाईओवर बनाया जाएगा। स्थानीय मांग को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री ने काशी सिटी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की भी घोषणा की। अररिया एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में संयुक्त बलों की तैनाती का मुख्य उद्देश्य मतदान के दौरान शांति, कानून–व्यवस्था और पारदर्शिता बनाए रखना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम केवल चुनावी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और मतदान समाप्त होने के बाद सीमा को सामान्य रूप से खोल दिया जाएगा।

## लोको निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं: अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी | वाराणसी**

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लोको निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं है। निरीक्षण के दौरान मंत्री वैष्णव ने लोको फ्रेम शॉप, लोको असेम्बली शॉप और लोको टेस्ट शॉप का दौरा किया। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया की बारीकियों को समझा और तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारियों से संवाद किया। रेल मंत्री ने बरेका की उत्पादन क्षमता, स्वच्छता व्यवस्था, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण संरक्षण उपायों की सराहना की।



#### महिला कर्मचारियों से की मुलाकात

उन्होंने विशेष रूप से महिला कर्मचारियों से मुलाकात की और उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय रेल के आधुनिकीकरण में महिलाओं की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है। कर्मचारियों से चर्चा के दौरान रेल मंत्री ने गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने के सुझाव भी आमंत्रित किए। उपयोगी सुझावों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बरेका की पहचान "उच्च गुणवत्ता और नवाचार" से बनी रहनी चाहिए। मंत्री वैष्णव ने कहा कि बरेका केवल इंजन नहीं बनाता, यह देश की प्रगति के इंजन को गति देता है। लोको निर्माण में गुणवत्ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बरेका को भारतीय रेल की तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी और देश के विकास की गति को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

# व्यापार जगत

## उद्यमियों को लुभा रहा भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत की तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था और सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम अब विदेशी कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सिंगापुर और कनाडा सहित कई देशों के स्टार्टअप्स ने भारत में व्यापारिक अवसर तलाशने की इच्छा व्यक्त की है। यह रूझान हाल ही में ईपीआईसी 2025 ग्लोबल पिच प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला, जिसका आयोजन हांगकांग साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क्स कॉर्पोरेशन (एचकेएसटीपी) द्वारा किया गया।

#### दुनिया भर के 100 स्टार्टअप्स में दो भारतीय कंपनियां चयनित



इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 70 से अधिक देशों से प्राप्त 1,200 आवेदनों में से 100 स्टार्टअप्स को चुना गया, जिनमें दो भारतीय कंपनियां भी शामिल रहीं। चयनित स्टार्टअप्स को डिजिटल हेल्थ टेक, फिनटेक और ग्रीनटेक जैसी श्रेणियों में स्थान मिला। यह वार्षिक आयोजन दुनिया भर के नवप्रवर्तकों को निवेशकों, कॉरपोरेट साझेदारों और वैश्विक बाजारों से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

#### स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण

एचकेएसटीपी के चेयरमैन सनी चाई ने कहा कि हांगकांग की वैश्विक कनेक्टिविटी को अवसर में बदलना हमारा उद्देश्य है, ताकि नई तकनीकें और विचार सीमाओं के पार जाकर अपनी पहुंच बढ़ा सकें।

## 12 नवंबर से खुलेगा टेनेको क्लीन एयर का आईपीओ

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई, एडवांस्ड एमिशन कंट्रोल सॉल्यूशन बनाने वाली कंपनी टेनेको क्लीन एयर इंडिया का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 12 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। अमेरिकी कंपनी टेनेको ग्रुप की यह भारतीय इकाई 3,600 करोड़ रुपये का इश्यू लेकर आ रही है। कंपनी ने शुक्रवार को अपने प्राइस बैंड और अन्य विवरण जारी किए। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 16,000 करोड़ रुपये के वैल्यूएशन का लक्ष्य रखती है। यह इश्यू पूरी तरह ऑफर फॉर सेल आधारित होगा, यानी आईपीओ से जुटाई गई राशि कंपनी को नहीं बल्कि अपने शेयर बेचने वाले मौजूदा शेयरधारकों को मिलेगी। पब्लिक सब्सक्रिप्शन 12 से 14 नवंबर तक चलेगा, जबकि एंकर इन्वेस्टर्स को 11 नवंबर को शेयर आवंटित किए जाएंगे। इस इश्यू के तहत प्रमोटर टेनेको मॉरिशस होल्डिंग्स, साथ ही फेडरल-मोगुल इन्वेस्टमेंट्स बीवी




और अन्य ग्रुप इकाइयां अपने हिस्से के शेयर बेचेंगी। पहले कंपनी ने 3,000 करोड़ रुपये के इश्यू का प्रस्ताव रखा था, जिसे बाद में बढ़ाकर 3,600 करोड़ रुपये किया गया। टेनेको क्लीन एयर इंडिया, टेनेको ग्रुप का हिस्सा है और यह ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए हाई-इंजीनियर्ड क्लीन एयर, पावरट्रेन और सस्पेंशन सॉल्यूशन का निर्माण करती है। इसके ग्राहक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में हैं। कंपनी ने बताया कि 50% हिस्सेदारी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स, 35% रिटेल इन्वेस्टर्स और 15% नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए आरक्षित की गई है।

## भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करने पर डीएसटी–फिक्की का फोकस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और फिक्की ने संयुक्त रूप से 'राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) सर्वेक्षण 2024–25' पर कार्यशाला का आयोजन मुंबई में किया। इस आयोजन में उद्योग, अकादमिक संस्थान, अनुसंधान संगठनों और सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी को बढ़ावा देना और भारत के लिए एक सशक्त, डेटा-आधारित नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना था। डीएसटी सचिव प्रो. अभय



करंदीकर ने कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान और नवाचार को विकास की मुख्यधारा में लाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एसएंडटी सर्वेक्षण नीतिगत निर्णयों के लिए ठोस डेटा प्रदान करता है और यह केवल अनुपालन नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डा. विवेक कुमार सिंह ने कहा कि यह सर्वेक्षण साक्ष्य-आधारित विज्ञान नीति निर्माण की दिशा में अहम कदम है, जिससे उद्योग-प्रेरित अनुसंधान और सरकारी सुधारों के बीच तालमेल बनेगा। एनएसटीएमआईएस के प्रमुख डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि यह सर्वेक्षण भारत की आरएंडडी क्षमता का वास्तविक आकलन करने और संसाधनों के बेहतर आवंटन में सहायक है। फिक्की के वरिष्ठ सदस्य डा. मुर्तज़ा खोराकीवाला ने कहा कि यह सर्वेक्षण देश के वैज्ञानिक निवेश और नवाचार क्षमता का आत्ममंथन है, जिससे भारत वैश्विक नवाचार शक्ति बन सकता है।

## ट्रंप टैरिफ: हंगरी को रूसी तेल आयात पर छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने हंगरी को रूसी तेल और गैस आयात पर लगे प्रतिबंधों से एक वर्ष की अस्थायी छूट प्रदान की है। यह निर्णय शुक्रवार को व्हाइट हाउस में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई "मैत्रीपूर्ण बैठक" के बाद लिया गया। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी। पिछले महीने ट्रंप प्रशासन ने रूस की प्रमुख तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, और इनसे तेल खरीदने वाले देशों को भी अतिरिक्त प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी।

## भारत–आस्ट्रेलिया कारोबार: 100 अरब डालर पहुंचाने का लक्ष्य

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के व्यापार एवं पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल और कौशल एवं प्रशिक्षण मंत्री एंड्रयू जे. जाइल्स से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। न्यूजीलैंड की यात्रा पूरी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचे मंत्री गोयल ने बैठक के बाद अपने आधिकारिक पोस्ट में लिखा कि, मेलबर्न में अपने मित्रों डॉन फैरेल और एंड्रयू जे. जाइल्स के साथ सार्थक बातचीत हुई। हमारी चर्चा का केंद्र बिंदु भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करना था, जिसमें एक महत्वाकांक्षी और संतुलित व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (CECA) भी शामिल है।

#### दवाइयों और पेट्रो उत्पादों का निर्यात



दोनों देशों के बीच 2022 में लागू हुए आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ECTA) के बाद से व्यापारिक रिश्ते नई रफ्तार पकड़ रहे हैं। भारत से ऑस्ट्रेलिया को मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान और दवाइयां निर्यात की जाती हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया से भारत को कोयला, सोना और तांबा का प्रमुख रूप से आयात होता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2024–25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 24.1 अरब डॉलर का रहा, जिसमें भारत का निर्यात 8.58 अरब डॉलर और आयात 15.52 अरब डॉलर था। ईसीटीए के लागू होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भारत को अपनी 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर विशेष बाजार पहुंच प्रदान की है। इससे कपड़ा, आभूषण, चमड़ा उत्पाद और इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात को विशेष लाभ मिला है।

## IGI एयरपोर्ट पर दूसरे दिन सामान्य हुआ परिचालन

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर शुक्रवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में आई बड़ी तकनीकी गड़बड़ी के बाद शनिवार सुबह से उड़ान परिचालन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। हवाई अड्डे की संचालक कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने जानकारी दी कि प्रभावित प्रणाली को बहाल कर लिया गया है और उड़ानों का संचालन स्थिर हो रहा है।



#### 800 से अधिक उड़ाने हुईं प्रभावित

डायल ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "एएमएसएस (ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम) में आई तकनीकी समस्या अब सुधार की दिशा में है। दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन सामान्य हो रहा है। सभी अधिकारी यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

#### 15 घंटे बाद ठीक हो सकी तकनीकी खामी

एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से शनिवार दोपहर 11:55 बजे जारी यात्री सलाह में कहा गया कि अब सभी उड़ानों का संचालन सामान्य हो चुका है। दरअसल, एएमएसएस प्रणाली, जो हवाई यातायात नियंत्रण में उड़ान योजनाओं के आदान–प्रदान में अहम भूमिका निभाती है, शुक्रवार सुबह लगभग पौने छह बजे से ठप हो गई थी और करीब 15 घंटे बाद रात नौ बजे इसे ठीक किया जा सका। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने देर रात एक बयान में कहा कि तकनीकी समस्या का समाधान कर लिया गया है और सिस्टम पूरी तरह से चालू है।

# बारिश बनी रोड़ा, गाबा में रद्द हुआ पांचवा टी20

## भारत ने 2-1 से जीती सीरीज

एजेंसी | ब्रिसबेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में खेला जाने वाला पांचवा और अंतिम टी20 मुकाबला बारिश के कारण अधूरा रह गया। महज़ 4.5 ओवर के खेल के बाद ही मैच रद्द घोषित कर दिया गया, जिससे भारत ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।
सीरीज की शुरुआत भी बारिश से प्रभावित रही। पहला मुकाबला बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच चार विकेट से जीता, लेकिन उसके बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए तीसरा और चौथा टी20 जीतकर सीरीज पर कब्जा जमा लिया।

### बारिश ने तोड़ी उम्मीदें, भारत रहा विजेता



आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। हालांकि पिच पर हल्की दरारें थीं, लेकिन भारतीय सलामी जोड़ी शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने दिखाया कि बल्लेबाजी के लिए यह विकेट बिल्कुल उपयुक्त है। अभिषेक ने हमेशा की तरह तेज़ शुरुआत की। उन्हें दो बार जीवनदान भी मिला। अभिषेक ने अपनी पारी के दौरान नाथन एलिस की गेंद पर शानदार छक्का जड़ा और साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। वे फुल मेंबर देशों के बल्लेबाजों में सबसे तेज़ 1000 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बन गए। दूसरी ओर शुभमन गिल ने 16 गेंदों में 29 रनों की तेज़ पारी खेली, जिसमें छह चौके शामिल रहे — एक ओवर में उन्होंने लगातार चार चौके जड़े।

### मौसम ने छीना मुकाबले का मज़ा

मैच शुरू होने के 21 मिनट बाद ही खेल रोकना पड़ा। उस समय बारिश नहीं हो रही थी, लेकिन मौसम विभाग की बिजली गिरने की चेतावनी के कारण पिच को तुरंत कवर कर दिया गया और दर्शकों को निचले स्टैंड से हटाया गया। सुरक्षा कारणों से खिलाड़ियों को भी मैदान से बाहर भेजा गया। कुछ ही देर में तेज़ बारिश शुरू हो गई। करीब दो घंटे के इंतजार के बाद अंततः अंपायरों ने मुकाबले को रद्द घोषित कर दिया। इस परिणाम से भारत ने 2-1 से सीरीज अपने नाम की, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 2022 के बाद चौथी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला हार है — जिनमें से तीन बार उन्हें भारत ने ही मात दी है।

# राहुल वीएस ने रचा इतिहास, बने भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर



**नई दिल्ली।** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी राहुल वी.एस. ने अपने शानदार प्रदर्शन से नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने फिलीपींस में चल रही छठी एशियाई इंडिविजुअल शतरंज चैंपियनशिप एक राउंड शेष रहते जीत ली और इसके साथ ही भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया।
21 वर्षीय राहुल, जो इससे पहले एशियाई जूनियर चैम्पियन रह चुके हैं, ने अपने खेल करियर में निरंतर प्रगति की है। उन्होंने वर्ष 2021 में इंटरनेशनल मास्टर (IM) का खिताब तब प्राप्त किया था, जब उन्होंने चौथा और पांचवां आईएम नॉर्म पूरा करते हुए 2400 की लाइव रेटिंग पार की थी। राहुल की इस उपलब्धि से भारतीय शतरंज समुदाय में खुशी की लहर है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (AICF) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर बधाई संदेश देते हुए लिखा — "राहुल वी.एस. को हार्दिक शुभकामनाएं! उन्होंने एशियाई इंडिविजुअल चैम्पियनशिप एक राउंड शेष रहते जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया है। वे देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बने हैं। भविष्य के लिए शुभकामनाएं।" राहुल का यह प्रदर्शन न केवल उनके लिए, बल्कि भारतीय शतरंज के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस जीत के साथ उन्होंने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए आवश्यक अंतिम नॉर्म भी प्राप्त कर लिया।

सुल्तान अज़लान शाह कप 2025

# संजय की कप्तानी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को मलेशिया के इपोह में होने वाले 31वें सुल्तान अज़लान शाह कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 23 से 30 नवंबर तक खेला जाएगा।
टीम की कमान अनुभवी डिफेंडर संजय को सौंपी गई है, जबकि क्रेग फुल्टन मुख्य कोच के रूप में टीम का मार्गदर्शन करेंगे। भारत अपना पहला मुकाबला 23 नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 24 नवंबर को बेल्जियम, 26 नवंबर को मेज़बान मलेशिया, 27 नवंबर को न्यूज़ीलैंड और 29 नवंबर को कनाडा से भिड़ेगा। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष दो टीमें 30 नवंबर को फाइनल में आमने-सामने होंगी।
भारत ने आखिरी बार 2010 में सुल्तान अज़लान शाह कप का खिताब जीता था और 2019 में उपविजेता रहा था। इस बार टीम पूरी तैयारी और संतुलित संयोजन के साथ खिताब पर कब्ज़ा जमाने उतरेगी।

### कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर कहा



"सुल्तान अज़लान शाह कप इंटरनेशनल हॉकी कैलेंडर का एक अहम टूर्नामेंट है। हमने एक संतुलित टीम तैयार की है, जिसका ध्यान अटैक और डिफेंस दोनों पर रहेगा। हमारा फोकस दबाव में बेहतर निर्णय लेने और पूरे मैच में लय बनाए रखने पर है। यह टूर्नामेंट 2026 वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स की तैयारियों का अहम हिस्सा होगा।"
गोलकीपर: पवन, मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार। डिफेंडर: पूवन्ना चंदुरा बोबी, नीलम संजीव ज़ेस, यशदीप सिवाच, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, संजय (कप्तान)। मिडफील्डर: राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रबिचंद्र सिंह मोइरंगथेम, विवेक सागर प्रसाद, मोहम्मद राहिल मौसीन। फॉरवर्ड: सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक। स्टैंडबाय खिलाड़ी: वरुण कुमार, विष्णु कांत सिंह, हार्दिक सिंह, अंगद बीर सिंह।

# रिषभ पंत को फिर लगी चोट, ध्रुव जुरेल ने ली जगह

## दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ मुकाबले से रिटायर हर्ट

**बेंगलुरु।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रिषभ पंत को एक बार फिर चोट लग गई है। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच चल रहे मुकाबले में पंत को तेज गेंदबाज त्सेपो मोरेकी की गेंदों से लगातार तीन बार चोट लगी — एक बार हेलमेट पर और दो बार दाहिनी कोहनी तथा पेट पर। लगातार चोट लगने के बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।
यह घटना टीम इंडिया के लिए नई चिंता लेकर आई है, क्योंकि सीनियर टीम को 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पंत ने शुरुआत में बल्लेबाजी जारी रखने की कोशिश की, लेकिन दर्द बढ़ने पर एहतियातन उन्हें रिटायर हर्ट घोषित किया गया।



### द ओवल टेस्ट में भी हुए थे बाहर

गौरतलब है कि पंत हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल टेस्ट में पैर की चोट के कारण टीम से बाहर हुए थे। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए फिर से टीम में शामिल किया गया था। पहले चार दिवसीय मैच में उन्होंने 90 रनों की पारी खेलकर वापसी का संकेत दिया था, लेकिन अब एक बार फिर चोटिल होने से टीम प्रबंधन की चिंताएं बढ़ गई हैं।

### सीधे हेलमेट से टकराई गेंद

पहली बार पंत को तब चोट लगी जब उन्होंने मोरेकी की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश की, मगर गेंद मिस हो गई और सीधे हेलमेट से टकराई। फिजियो द्वारा कंकशन टेस्ट के बाद उन्हें आगे खेलने की अनुमति दी गई। कुछ देर बाद उनकी कोहनी पर और फिर पेट पर गेंद लगने से उन्हें दर्द महसूस हुआ, जिसके बाद उन्होंने 17 रन (22 गेंद) बनाकर पारी छोड़ी। पंत की जगह ध्रुव जुरेल क्रीज पर उतरे और दूसरे सत्र में शानदार अर्धशतक जमाया।

# टोक्यो डेफलिंपिक 2025 के लिए भारतीय दल घोषित

## भारतीय दल में कुल 73 खिलाड़ी और 38 कोच होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारत ने टोक्यो में 15 से 26 नवंबर तक होने वाले डेफलिंपिक 2025 के लिए अपने अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल की घोषणा की है। 111 सदस्यीय इस दल में 73 खिलाड़ी और 38 कोच शामिल हैं, जो 11 विभिन्न खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।
केंद्रीय खेल मंत्रालय ने इस दल को सरकारी व्यय पर भेजने की मंजूरी दी है। भारतीय दल एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस जैसे खेलों में पदक के लिए चुनौती पेश करेगा।

### डेफलिंपिक का गौरवशाली इतिहास



अंतरराष्ट्रीय बधिर खेल समिति (आईसीएसडी) द्वारा आयोजित डेफलिंपिक को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की मान्यता प्राप्त है। यह आयोजन ओलंपिक के बाद विश्व का दूसरा सबसे पुराना बहु-खेल आयोजन है। पहला डेफलिंपिक 1924 में पेरिस में आयोजित हुआ था।


बॉ ली वु ड

# मैं विजय देवरकोंडा से शादी करूंगी : रश्मिका मंदाना




साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर चर्चा में हैं। इसके अलावा खबरें हैं कि एक्ट्रेस बहुत जल्द विजय देवरकोंडा के शादी करने वाली हैं। इस बीच खुद रश्मिका मंदाना ने खुलेआम ख्वाहिश जाहिर की है कि वो विजय देवरकोंडा से शादी करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने दावा किया है कि वो अपने पार्टनर के लिए गोली खाने को भी तैयार हैं। 'द गर्लफ्रेंड' के लिए होस्ट किए गए ऑनेस्ट टाउनहॉल इवेंट में रश्मिका मंदाना ने अपने पार्टनर की क्वालिटीज के बारे में बात की। उन्होंने कहा- 'सच कहूं तो मेरे टाइप का इंसान वो है जो गहराई से समझ सके। मैं जेनरिक सेंस में बात नहीं कर रही। ये जिंदगी को अपने नजरिए से समझने की क्षमता है। वो कुछ सिचुएशन को कैसे देखता है?' रश्मिका मंदाना आगे कहती हैं- 'मुझे ऐसा इंसान चाहिए जो समझने के लिए तैयार हो। कोई ऐसा जो सचमुच अच्छा हो और जो मेरे साथ या मेरे लिए जंग लड़ सके। अगर कल मेरे खिलाफ जंग हुई, तो मुझे पता है कि वो इंसान मेरे साथ लड़ेगा। मैं भी वैसा ही करूंगी। मैं उसके लिए किसी भी दिन गोली खाने को तैयार हूं। ऐसा इंसान मेरे टाइप का है।' इवेंट के दौरान एक फैन ने रश्मिका मंदाना से पूछा- 'आपने अब तक जितने भी एक्टर्स के साथ काम किया है, उनमें से आप किसे डेट करेंगी, किससे शादी करेंगी और किसे मार डालेंगी?' इस पर रश्मिका ने जवाब दिया- 'मैं शायद नारुतो (एनिमे कैरेक्टर) को डेट करूंगी। सॉरी, ये फिल्मों से नहीं है, लेकिन नारुतो एक ऐसा व्यक्ति है जिसके लिए मैं बचपन से ही जुनूनी रही हूं। और शादी, मैं विजय से करूंगी।' बता दें कि हाल ही में खबर आई थी कि रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। अब दोनों उदयपुर में 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं।

# चॉल के दिनों को याद कर भावुक हुए 'बारामूला' फेम मानव कौल



अभिनेता और लेखक मानव कौल ने हाल ही में अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे वे मुंबई में चॉल में रहते थे और आर्थिक तंगी के बावजूद अपने सपनों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि गरीबी या हालात से फर्क नहीं पड़ता, फर्क इस बात से पड़ता है कि आप किस चीज के प्रति उत्साहित हैं।
मानव कौल ने बताया कि चॉल में रहने के दौरान उनके पास विनोद कुमार शुक्ल, निर्मल वर्मा, गोर्की और दोस्तोवस्की जैसे लेखकों की किताबें होती थीं। वही उनका मनोरंजन था। उन्होंने कहा, "मैं दीवारें देखने के बजाय किताबें देखा करता था। मेरा मानना है कि संघर्ष से कुछ नहीं होता, जुनून मायने रखता है। अगर संघर्ष से ही सब तय होता, तो अमीर घरों के बच्चे कलाकार नहीं बन पाते।" उन्होंने आगे कहा कि वे आज भी साहित्य, सिनेमा और पेंटिंग के प्रति उतने ही उत्साहित हैं। यूरोप जाते समय भी वे पर्यटक स्थलों की बजाय लेखकों और कलाकारों के घरों की तलाश में रहते हैं। मानव ने कहा, "चॉल में बिताए दिन मेरी जिंदगी के सबसे अच्छे दिन थे। हम खूब हंसा करते थे क्योंकि खोने के लिए कुछ नहीं था। आज भी अगर मुझे चॉल में रहना पड़े, तो मुझे बहुत मजा आएगा।"

# 'धुरंधर' से अर्जुन रामपाल का पोस्टर रिलीज




बॉ आदित्य धर की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर 'धुरंधर' को लेकर दर्शकों में पहले से ही जबरदस्त उत्सुकता है। रणवीर सिंह के इंटेंस लुक ने जहां फिल्म के प्रति रोमांच बढ़ाया था, वहीं अब अभिनेता अर्जुन रामपाल के नए पोस्टर ने फिल्म के प्रति दर्शकों का जोश और भी दोगुना कर दिया है।
जारी किए गए पोस्टर में अर्जुन रामपाल एक खतरनाक और स्टाइलिश अवतार में नजर आ रहे हैं, छोटे बाल, लंबी दाढ़ी, काले सनग्लासेज, अंगूठी और सिगार के साथ उनका गुस्सैल लुक बेहद प्रभावशाली है। इस रूप में अर्जुन न सिर्फ डर पैदा करते हैं बल्कि रहस्यमयी भी लगते हैं। रणवीर सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए उन्हें ₹एंजेल ऑफ डेथसी कहा और बताया कि फिल्म का ट्रेलर 12 नवंबर को रिलीज होगा।
पोस्टर सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर अर्जुन रामपाल ट्रेंड कर रहे हैं। फैंस उनके इस अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं कुछ यूजर्स का कहना है कि इस बार अर्जुन का स्क्रीन प्रेजेंस रणवीर सिंह पर भी भारी पड़ सकता है। 'धुरंधर' को लिखा और निर्देशित किया है आदित्य धर ने, जो पहले 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं। फिल्म में रणवीर सिंह और अर्जुन रामपाल के अलावा संजय दत्त, अक्षय खन्ना और आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार भी नजर आएंगे। यह एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें देशभक्ति, राजनीति और शक्ति संघर्ष का मेल देखने को मिलेगा।
'धुरंधर' 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। ट्रेलर लॉन्च के लिए मेकर्स ने भव्य इवेंट की तैयारी की है, जिससे यह साफ है कि यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर साबित हो सकती है।

# यामी गौतम की 'हक' की पहले दिन की कमाई आई सामने



बीते 7 नवंबर को सिनेमाघरों में तीन फिल्मों की टक्कर हुई, लेकिन यामी गौतम और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'हक' ने बाकी फिल्मों पर बढ़त बना ली है। दर्शकों और समीक्षकों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रियाओं के बीच फिल्म ने अपने पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर मजबूत शुरुआत की है। पहले दिन 'हक' की कमाईबॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म 'हक' ने रिलीज़ के पहले दिन लगभग 2.03 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि फिल्म का बजट करीब 20 से 25 करोड़ रुपये बताया जा रहा है, इसलिए इसकी ओपनिंग को धीमी लेकिन स्थिर शुरुआत माना जा रहा है। ट्रेड एनालिस्ट्स का कहना है कि वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिल सकता है। 'हक' में यामी गौतम और इमरान हाशमी की जोड़ी को दर्शकों ने खूब सराहा है। समीक्षकों ने विशेष रूप से यामी के संवेदनशील और सशक्त प्रदर्शन की प्रशंसा की है। फिल्म के विषय को भी लोगों ने गंभीरता से लिया है क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक और कानूनी मुद्दे पर प्रकाश डालती है। सुपर्ण वर्मा के निर्देशन में बनी 'हक' की कहानी शाह बानो बेगम के जीवन और उनके कानूनी संघर्ष से प्रेरित है। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने उनके मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार दिया गया था।

# शहीद कार्मिकों की एकमुश्त सहायता राशि में पांच लाख की वृद्धि



## अब मिलेंगे 35 लाख, अन्य मामलों में 25 लाख

एजेंसी । नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' ने अपने शहीद कार्मिकों की एकमुश्त सहायता राशि में बढ़ोतरी कर दी है। जोखिम निधि अंशदान राशि में भी वृद्धि की गई है। सेविंग व रिस्क फैक्टर को केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, 60:40 के अनुपात में संशोधित किया गया है। सीआरपीएफ में शहीद कार्मिकों के परिवारों को मिलने वाली एकमुश्त सहायता राशि, जो पहले 30 लाख रुपये थी, अब उसे 35 लाख रुपये कर दिया गया है। वहीं मृत्यु के अन्य मामलों में यह राशि 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है।

### शहीदों की जोखिम निधि बढ़ी

पिछले दिनों हुई रेजीमैंटल फंड की वर्ष 2024-25 की शासी निकाय की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए हैं। ये सभी निर्णय एक जनवरी 2026 से लागू होंगे। मुठभेड़ के दौरान शहीद कार्मिकों को जोखिम निधि से एकमुश्त सहायता राशि, जो अभी तक 30 लाख रुपये थी, उसे बढ़ाकर अब 35 लाख रुपये कर दिया गया है। अन्य सभी मृत्यु के मामलों में यह राशि 20 लाख रुपये थी, जिसमें अब वृद्धि कर 25 लाख रुपये किया गया है। शासी निकाय ने सर्वसम्मति से उक्त वृद्धि को अपनी स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय के बाद, मुठभेड़ के दौरान शहीद कार्मिकों के परिवार को जोखिम निधि से 35 लाख रुपये तथा सभी मृत्यु के मामलों में 25 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### सीआरपीएफ ने 2022 में बढ़ाई थी अनुग्रह राशि

बता दें कि इससे पहले सीआरपीएफ ने शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि में 2022 के दौरान बढ़ोतरी की थी। बल के तत्कालीन डीजी कुलदीप सिंह ने यह घोषणा की थी कि ड्यूटी पर शहीद होने वाले सीआरपीएफ के जवानों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया गया है। यह राशि, जोखिम कोष से दी जाएगी। इसके साथ ही मृत्यु के अन्य मामलों में अनुग्रह राशि को 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया था। जोखिम निधि अंशदान राशि को 500 रुपये से बढ़ाकर 800 सौ प्रतिमाह किया गया है। इसके साथ ही सेविंग व रिस्क फैक्टर को केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, 60 :40 के अनुपात में संशोधित किया जाता है।

# सांसद रवि किशन को फिर मिली जान से मारने की धमकी

एजेंसी । गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन शुक्ला को दोबारा जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले बिहार का रहने वाले अजय यादव ने धमकी दी थी, जो अब जेल में है। लेकिन अब सांसद रवि किशन को दोबारा धमकी लारेंस बिश्नोई गैंग द्वारा दी गई है। सांसद रवि किशन के करीबी प्रवीन शास्त्री ने कहा कि उन्हें लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कॉल करके सांसद रविकिशन को मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने इसकी सूचना रामगढ़ताल थाने पर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद, मुख्यमंत्री और सांसद रवि किशन के करीबी कथा वाचक प्रवीन शास्त्री को देश के चर्चित गैंग लॉरेंस की तरफ से धमकी भरा कॉल आया है। ये काल 4 नवंबर को आया था कॉल करने वाले ने अपने आप को बिहार से बोलने वाला बताया है और कहां है कि इस बार मोदी-योगी सब चले जाएंगे।

अब लॉरेंस गैंग से आया कॉल, करीबी को भी धमकाया



### करीबी को किया फोन

धमकी देने वाले ने प्रमुख शास्त्री को वॉट्सऐप पर मैसेज भी भेजा है, जिसमें गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र के विधायक प्रदीप शुक्ला, प्रवीन शास्त्री और सांसद रवि किशन की फोटो को क्रॉस का निशाना बनाकर भेजा है। कथावाचक ने आरोपी से बातचीत का वीडियो पुलिस प्रशासन को सौंप दिया है। प्रवीण शास्त्री योगी आदित्यनाथ के ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में दिखते हैं, जहां पूजन और धार्मिक आयोजन कराया जाता है। वर्ष 2017 में वह सीएम योगी के आवास के शुद्धिकरण पूजा में भी शामिल हुए थे, और सांसद रविकिशन शुक्ला के करीबी भी बताए जा रहे हैं।

### पहले भी मिल चुकी है धमकी

गोरखपुर पुलिस ने 4 दिन के अंदर आरोपी को हिरासत में ले लेकर जेल भेज दिया था। पकड़ा गया आरोपी पंजाब के लुधियाना का रहने वाला था। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि नशे की हालत में उसने ऐसा किया था। सांसद रवि किशन को दोबारा धमकी देने का कॉल ज्योतिषी प्रवीण शास्त्री के मोबाइल पर आया है। गोरखपुर की रामगढ़ताल पुलिस इस मामले को जांच कर रही है। धमकी देने वाले की लोकेशन ट्रेस कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी पूरे मामले की गहनता से जांच चल रही है। जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी कि आखिर धमकी देने वाला व्यक्ति कौन है। इस संबंध में रामगढ़ताल थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ ने कहा है कि धमकी भरे काल की जांच शुरू कर दी गई है, व्हाट्सएप चैट की जांच साइबर टीम के जरिए भी कराई जा रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**कुपवाड़ा।** कश्मीर के कुपवाड़ा ज़िले के केरन सेक्टर में सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक्स पोस्ट में चिनार कॉर्प्स-भारतीय सेना ने लिखा कि चल रहे अभियान में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। इलाके की तलाशी जारी है। आतंकवादियों की घुसपैठ की सुनियोजित कोशिश के बारे में एजेंसियों से विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी शुरू करने के बाद उनसे आमना-सामना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन जारी है।

### BJP विधायक और RPF के बीच जमकर हुई हाथापाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र बनारस का दौरा किया। लेकिन इससे पहले बीजेपी के विधायक और रेलवे सुरक्षा बल के एक जवान के बीच धक्का-मुक्की होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीएम मोदी दो दिनों के बनारस दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लेकिन इससे पहले वाराणसी के कैंट विधानसभा से बीजेपी विधायक सौरभ श्रीवास्तव तैयारियों का जायजा लेने रेलवे स्टेशन पहुंचे। लेकिन वहां पर मौजूद रेलवे सुरक्षाबल (आरपीएफ) के एक जवान से उनकी बहस हो गई। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दोनों को धक्का-मुक्की करते भी देखा जा सकता है। कहा जा रहा है कि ये झड़प इस वजह से हुई क्योंकि विधायक श्रीवास्तव पार्टी कार्यकर्ताओं को रेलवे स्टेशन के भीतर ले जाने की कोशिश कर रहे थे। विधायक पार्टी कार्यकर्ताओं को बनारस स्टेशन के अंदर ले जाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आरपीएफ जवान उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था।

### मुजफ्फरनगर में छात्र ने खुद को लगाई आग

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर से एक दिल दहलाने वाली वारदात शनिवार (8 नवंबर) को सामने आई है, यहां कॉलेज में पढ़ने वाले एक छात्र ने खुद को आग लगा ली। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, छात्रा की पहचान उज्जवल राणा के रूप में हुई है। छात्र को उपचार अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, जिले के बुढ़ाना कस्बे में शनिवार को एक कॉलेज छात्र ने कथित तौर पर फीस न चुकाने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति न मिलने पर खुद को आग लगा ली। पुलिस ने बताया कि 70 प्रतिशत तक झुलस चुके उज्ज्वल को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि बाद में उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया,। पुलिस के अनुसार, बुढ़ाना के डीएवी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र उज्ज्वल राणा (22) ने फीस न चुकाने के कारण परीक्षा में बैठने की अनुमति न मिलने से कथित तौर पर परेशान होकर खुद को आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

# बिन पानी बिगड़े हालात, छोड़ना पड़ सकता है तेहरान



- बरसात नहीं होने से ईरान की राजधानी गहराया जल संकट
- राष्ट्रपति बोले- हालात बिगड़े तो राजधानी खाली करानी पड़ेगी

एजेंसी । तेहरान

ईरान की राजधानी तेहरान में गंभीर जल संकट गहराता जा रहा है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई, तो राजधानी को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ेगा और हालात बिगड़ने पर शहर को खाली कराना पड़ सकता है। प्राधिकरण प्रमुख बेहज़ाद पारसा ने हाल ही में कहा था कि यदि मौसम शुष्क ही रहा, तो बाँधों में मौजूद पानी मात्र दो सप्ताह तक ही राजधानी की आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगा। सरकार ने नागरिकों से पानी के अत्यधिक उपयोग से बचने और जल संरक्षण को प्राथमिकता देने की अपील की है।

### सिर्फ दो सप्ताह का पानी बचा

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने गुरुवार को पश्चिमी शहर सनंदाज की यात्रा के दौरान कहा कि सरकार आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से एक साथ जूझ रही है। उन्होंने बताया कि तेहरान को पानी उपलब्ध कराने वाले मुख्य जलाशयों में केवल दो सप्ताह की आपूर्ति ही शेष है।

### राजधानी के खाली करने की नौबत

ईरान में सूखा अब एक गंभीर प्राकृतिक संकट बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा, "यदि वर्षा नहीं हुई, तो अगले महीने से तेहरान में पानी की सप्लाई सीमित करनी पड़ेगी। स्थिति बनी रही तो शहर को खाली कराना भी 'जरूरी कदम' हो सकता है।"उन्होंने जल और ऊर्जा संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और संरक्षण पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

### 100 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर जल भंडार

तेहरान की जल आपूर्ति पाँच प्रमुख बाँधों — लार, ममलू, अमीर कबीर, तालेघन और लातियन — पर निर्भर है। इनमें अमीर कबीर सबसे बड़ा बाँध है। तेहरान जल प्राधिकरण ने पहले ही आगाह किया था कि जल भंडार पिछले सौ वर्षों में अपने न्यूनतम स्तर पर पहुँच चुका है।

# बलोचिस्तान में भी अमेरिकी हथियारों के निशान!

## बीएलए के हाथों पड़े हथियारों से हुआ खुलासा

एजेंसी । क्वेटा

बलोचिस्तान के विद्रोही मोर्चे पर हालिया घटनाक्रम ने एक नई बहस छेड़ दी है। स्थानीय समूहों के कब्जे मंक आए हथियारों के विश्लेषण से यह संकेत मिल रहा है कि पाकिस्तानी एसएसजी कमांडो अत्याधुनिक, अमेरिकी-शैली के हथियारों का उपयोग कर रहे हैं। यह खुलासा उस हमले के बाद आया है जो 30 अक्तूबर को कलात के मोरगांड और खेसर इलाकों में बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सैन्य काफिलों पर किया था। रिपोर्टों के मुताबिक उस मुठभेड़ में छह एसएसजी कमांडो सहित कई सैनिक मारे गए और कई घायल हुए।

### बीएलए के कब्जे में अत्याधुनिक हथियार

स्थानीय तथ्यान्वेषी संगठन बलोचिस्तान फैक्ट्स और पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों का कहना है कि बीएलए के कब्जे में आए उपकरणों में एम4 कार्बाइन, मशीनगन व अन्य आधुनिक हथियार शामिल थे — जिन पर अमेरिकी प्रकार के मार्किंग और विनिर्माण संकेत पाए गए। एक रिपोर्ट में उल्लेखित कुछ विशेष उपकरणों में कोल्ट 1911 मैगज़ीन (मार्किंग-19200-एएसएसवाई), ट्राइजिकॉन एसीओजी राइफल स्कोप, एफएन-एम16 फैक्टरी बैरल (कोड 3S679) और जर्मन निर्मित हेकलर एंड कोच एचके 23A1 का नाम लिया गया है।




### खुलेआम बाजारों में की जा रही बिक्री

बलोचिस्तान फैक्ट्स का दावा है कि यह साबित करता है कि अफगानिस्तान में छोड़ दिए गए या वहां से खरीदे गए अमेरिकी-शैली के हथियार पाकिस्तान में भी पहुँच रहे हैं और फौजी इकाइयाँ इन्हें इस्तेमाल कर रही हैं। संगठन का आरोप है कि ये हथियार न केवल इस्तेमाल हो रहे हैं बल्कि बाजार में बेचे भी जा रहे हैं, जिससे अवैध आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है।

### लाहोरी के नाम से जाने जाते हैं लोकल मेड

अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्रोतों के हवाले से कहा जाता है कि पश्चिम निर्मित राइफलें और संबंधित उपकरण अक्सर अफगान सीमा के पार के बाजारों के जरिये पाकिस्तान में दाखिल होते हैं — पारंपरिक मार्गों में तोरखम, चमन, गुलाम खान और नवा दर्रे जैसे रास्ते शामिल बताए जाते हैं।

# 5.5 तीव्रता वाले भूकंप से हिला बलोचिस्तान



एजेंसी । तेहरान

क्वेटा। पाकिस्तान में बलोचिस्तान प्रांत के कई ज़िलों में शनिवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, स्थानीय समयानुसार तड़के 2:45 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मांपी गई। भूकंप का केन्द्र क्वेटा से लगभग 67 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित था।

### लोगों से सतर्क रहने की अपील

इसके झटके ज़ियारत, हरनाई, ज़र्दालू, खोस्त, शाहराग, मुस्लिम बाग, खानोज़ाई, कान मेहतरज़ई, रोड मलाज़ई और सुर्खाब सहित अन्य इलाकों में भी महसूस किए गए। प्रांतीय राजधानी क्वेटा के कुछ हिस्सों में भी इसका असर दिखा जिससे लोगों में दहशत फैल गई । हालाँकि, अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। इस बीच पाकिस्तान मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# समस्तीपुर में वीवीपैट पर्चियां फेंकी मिलीं डीएम ने एफआईआर दर्ज कराई

एजेंसी । समस्तीपुर

समस्तीपुर जिले में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाला चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिले के सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के शीतलपट्टी गांव के पास हजारों वीवीपैट पर्चियां कूड़े में फेंकी हुई पाई गईं। सूचना मिलते ही समस्तीपुर के जिलाधिकारी (DM) रोशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक (SP) अरविंद प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। एसडीओ दिलीप कुमार भी जांच में शामिल हुए। अधिकारियों ने सभी पर्चियों को मौके से जब्त कर लिया और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि पर्चियों पर मुद्रित जानकारी से संबंधित मतदान केंद्र की पहचान की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये पर्चियां किस केंद्र से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### वीवीपैट पर्चियां फेंके जाने पर दो अधिकारी निलंबित, जांच शुरू

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में लापरवाही के आरोप में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि कई अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही विभिन्न प्रत्याशी भी घटनास्थल पर पहुंचे और प्रशासन से गंभीर जांच की मांग की। राजद प्रत्याशी अरविंद सहनी ने इस घटना को चुनाव आयोग की लापरवाही और पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करने वाला मामला बताया है।

# दिल्ली के बाद अब काठमांडू एयरपोर्ट पर आई तकनीकी खराबी




एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली में विमान संचालन में आई तकनीकी खामी के बाद अब नेपाल में भी कुछ ऐसी ही दिक्कत सामने आई है। नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रनवे की लाइट्स में तकनीकी खराबी आने के बाद सभी आने-जाने वाली उड़ानों को रोक दिया गया है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि समस्या दूर होने तक उड़ान संचालन बंद रहेगा।

### घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें दोनों प्रभावित

अधिकारियों के मुताबिक, रनवे लाइट्स में तकनीकी समस्या के कारण नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह की उड़ानें रोक दी गई हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी विमानों को ग्राउंड कर दिया गया है।

### तकनीकी टीम मौके पर तैनात

समस्या की जांच और समाधान के लिए तकनीकी टीमें एयरपोर्ट पर तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि सामान्य उड़ान संचालन जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास जारी हैं। एयरपोर्ट के प्रवक्ता रेनजी शेर्पा ने ANI को बताया कि रनवे के एयरफील्ड लाइटिंग सिस्टम में दिक्कत आई है। उन्होंने कहा, कम से कम पांच उड़ानें इस समय होल्ड पर हैं। सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आगमन व प्रस्थान उड़ानें देरी का सामना कर रही हैं। समस्या का पता शाम 5 :30 बजे (स्थानीय समय) चला।

### नेपाल का सबसे बड़ा एयरपोर्ट प्रभावित

त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नेपाल का मुख्य विमानन केंद्र है और देश के अधिकांश हवाई यातायात का संचालन यहीं से होता है। रनवे लाइटिंग में खराबी के चलते पूरे देश की उड़ान व्यवस्था प्रभावित हो गई है। यह घटना उस एक दिन बाद सामने आई है जब भारत के दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGI) पर बड़ी तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार को उड़ान संचालन बाधित हो गया था, जिसका असर पूरे देश के एयर ट्रैफिक पर पड़ा था।

## सुकून की सांस — जहरीली आबोहवा से परेशान दिल्लीवाले कर रहे पहाड़ का रुख

# मनाली-मसूरी-नैनीताल पहली पसंद

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली वाले प्रदूषण की मार हर साल झेलते है। इससे राहत पाने के लिए इस समय पहाड़ों की वादियां उनका पसंदीदा स्पॉट बन गया है। वहां के ऊंचे पहाड़ों पर चलती ताजा हवाएं दिल्ली की दमघोंटू हवा को भुला देती हैं। राजधानी में प्रदूषण के साथ मुफ्त में आने वाला गाड़ियों का शोर भी वहां की ऊंची चोटियों तक नहीं पहुंचता। ऐसे में दिल्ली के प्रदूषण और यहां की चहल-पहल से दूर, राहत की सांस और सुकून का माहौल पाने के लिए लोग पहाड़ों की ओर रवाना हो रहे हैं।



इसमें मनाली, मसूरी, नैनीताल और शिमला जैसे हिल स्टेशन, दिल्लीवालों की पहली पसंद बन रहे हैं। ट्रांसपोर्ट कंपनियों के अनुसार, पिछले हफ्ते से दिल्ली से हिल स्टेशनों पर जाने वाले यात्रियों की संख्या में करीब 20-25 फीसदी का इजाफा हुआ। लोग कुछ दिन के फ्रेश एयर ब्रेक लेने के लिए परिवार समेत निकल रहे हैं। उन्होंने कई यात्रियों ने एडवांस में ही ट्रिप बुकिंग कर ली थी और कई बुकिंग वेटिंग में चल रही हैं।

### कीमत और उपलब्धता की मारा-मारी

इस समय दिल्ली से मनाली, मसूरी, नैनीताल और शिमला जाने वाली ट्रेनों का अकाल पड़ा हुआ है। कई ट्रेनों की सेवाएं बंद हैं तो जो ट्रेनें चल भी रही है उनमें उपलब्धता की भारी कमी है। ट्रेन से मनाली जाने के लिए नजदीकी रेलवे स्टेशन चंडीगढ़ की सभी ट्रेनें फुल और वेटिंग पर चल रही है। यही हाल मसूरी जाने के लिए देहरादून और नैनीताल जाने के लिए काठगोदाम रेलवे स्टेशन का भी है। वहीं, शिमला जाने वाली सभी ट्रेनों में से 4 से 5 में सीट उपलब्ध है, बाकी सभी का वहीं हाल है।

| स्थान | न्यूनतम | अधिकतम (किराया रुपये में) |
|---|---|---|
| मनाली | 399 | 2,499 |
| मसूरी | 399 | 4,950 |
| नैनीताल | 523 | 2,000 |
| शिमला | 472 | 5,076 |